

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 रोनाल्डो नहीं कर सके करिश्मा.............

12 जुलाई को नेपाल में विश्वास मत, डेढ़ साल में पांचवीं बार प्रधानमंत्री ........ 12

वर्ष : 15 | अंक : 86 | नई दिल्ली, रविवार, 07 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया नमन

नई दिल्ली। एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक वीडियो पोस्ट किया। पीएम मोदी ने कैप्शन में लिखा, अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। मातृभूमि के लिए उनका समर्पण और त्याग देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं। देश की एकता व अखंडता के लिए संघर्ष करने की जब-जब बात आएगी, डॉ मुखर्जी जी जरूर याद आएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी जयंती के मौके पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी।

### कुलगाम में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सैनिक शहीद

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के मोडरगाम गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाश अभियान प्रारंभ किया था, इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में भारतीय सेना का एक सैनिक घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अभियान जारी है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# बिहार में बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम हुआ : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने रुपौली विस उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में किया प्रचार

- बोलें-2005 से पहले लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाते थे, हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे
- बीमा भारती पर कसा तंज, कहा -जिसको बोलने नहीं आता था, उन्हें विधायक व मंत्री बनाया



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जब से मौका मिला है प्रदेश के तरक्की के लिए लगातार काम कर रहे हैं। प्रदेश में बिजली सड़क पुल स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को रुपौली विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी कलाधर मंडल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। वहीं, बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा। मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मुसलमान के लिए उनकी सरकार ने बहुत काम किया है लेकिन कुछ लोग मुस्लिम मतदाताओं को भड़काने का काम कर रहे हैं । उन्होंने महिलाओं से अपील की की एक-एक वोट कलाधर मंडल को देने का काम करें। सीएम नीतीश ने बीजेपी और जदयू के रिश्ते को लेकर कहा कि, आप जानते ना हैं हमारा त रिश्ता बहुत पुराना ना है, अब आप समझ लीजिए हमलोग दो बार अलग हो गए थे। लेकिन हमको फिर खराब लगा। अब हमलोग फिर से एक साथ हो गये है। अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। आप लोग जदयू प्रत्याशी को भारी वोट से जिताइए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद प्रत्याशी बीमा भारती पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जिसको बोलते नहीं आता था हमने उन्हें कई बार विधायक बनाया। दो बार मंत्री बनाया। आज पैसे के लोभ में वह दूसरे दल में चली गईं। हालत यह हो गई है कि लोकसभा चुनाव लड़ी जिसमें जमानत जब्त हो गई। अब फिर वह विधानसभा चुनाव लड़ रही हैं। ऐसे धोखेबाज के झांसे में ना पड़ें। उन्होंने आगे कहा कि पूर्णिया से सांसद रहे संतोष कुशवाहा दो बार लोकसभा चुनाव जीते, लेकिन इस बार हार गए। फिर वे मेहनत कर रहे हैं और काम कर रहे हैं। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टी वाले यहां आकर बहुत कुछ बोलते हैं। मगर लोगों के ध्यान में रहे कि 2005 से पहले क्या हालात थे। राजद शासनकाल को याद दिलाते हुए सीएम ने कहा कि 2005 से पहले लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाते थे, हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे, कहीं बिजली नहीं होती थी तो कहीं पर सड़क और पुल नहीं थे। सीएम ने कहा कि 2005 के बाद से जब हम आए तो सब काम किया। हिन्दू-मुस्लिम के झगड़े बंद हो गए, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था भी सुधरी है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री संजय झा, लेसी सिंह, दिलीप जायसवाल, रेणु देवी, विजय चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, शीला मंडल समेत एक दर्जन मंत्री रूपौली पहुंचे। इस दौरान सभी मंत्रियों ने जदयू प्रत्याशी कलाधर मंडल के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

### सूबे में वज्रपात से 9 की मौत पर सीएम ने जताया शोक

पटना। बिहार के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से नौ लोगों की मौत हो गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये अविलंब अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से जहानाबाद में तीन और मधेपुरा में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पूर्वी चंपारण, रोहतास, सारण तथा सुपौल में एक -एक व्यक्ति को जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शनिवार को ही चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

### शांति, समृद्धि और विकास के लिए एनडीए जरूरी : सम्राट

**बोलें- जनता एनडीए के साथ, जदयू प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित**



पटना। रूपौली विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार कलाधर प्रसाद मंडल के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि रुपौली की जनता पूरी तरह से एनडीए के साथ है। जनता के समर्थन और आशीर्वाद से एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार कलाधर प्रसाद मंडल की जीत सुनिश्चित है। श्री चौधरी ने कहा कि सभा में जुटी अपार जनसमूह की एक ही पुकार है, बिहार में शांति, समृद्धि और विकास के लिए एनडीए जरूरी है। आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार समृद्धि, विकास और खुशहाली के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और बिहार में आज एनडीए की यानी डब्बल इंजन की सरकार होने से न केवल विकास परियोजनाओं को तेज गति मिल रही है बल्कि आधारभूत संरचना के निर्माण मसलन सड़कें,एयरपोर्ट,शिक्षण संस्थान, अस्पताल आदि को भी तेज किया जा रहा है। वहीं एक-एक चुनावी वायदों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा बजट सत्र

**केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया से दी जानकारी**



- वित्त मंत्री 23 जुलाई को संसद में पेश करेगी बजट

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेसी। आगामी बजट सत्र की तारीखों का एलान हो चुका है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी तारीखों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी बजट सत्र का शुभारंभ 22 जुलाई को होगा। यह 12 अगस्त तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने केंद्र सरकार की सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी है। किरेन रिजिजू ने यह भी बताया कि बजट सत्र के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद म बजट पेश करेंगी। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनावी साल में फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया था। गौरतलब है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी। इस बार के बजट में उम्मीद जताई जा रही है कि मोदी 3.0 सरकार के विकसित भारत के मिशन पर जोर दिया जाएगा। आम चुनाव के नतीजों के बाद 24 जून से दो जुलाई तक चले18वीं लोकसभा के पहले सत्र में नये सदस्यों के शपथ लेने के बाद यह संसद का पहला पूर्ण सत्र होगा। संसदीयकार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के माननीय राष्ट्रपति ने भारत सरकार की सिफारिश पर, संसद के दोनों सदनों को बजट सत्र 2024 के लिए 22 जुलाई से 12 अगस्त तक (संसदीयकार्य की अनिवार्यता के अधीन) बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में 23 जुलाई, 2024 को पेश किया जाएगा। भाजपा नीत राजग सरकार के नए कार्यकाल का पहला बजट महत्वपूर्ण होगा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही कह चुके हैं कि तीसरे कार्यकाल का इस्तेमाल साहसिक फैसलों के नए अध्याय लिखने के लिए किया जाएगा। इससे पहले 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद का पहला सत्र हंगामेदार रहा जहां नीट-यूजी परीक्षा विवाद सहित कई मुद्दों पर विपक्ष और सरकार के बीच टकराव हुआ। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 27 जून को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया और लोकसभा व राज्यसभा दोनों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को स्वीकार किया। पीएम मोदी ने संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन आम चुनाव में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटा है।

# मणिपुर दौरे पर आठ जुलाई को जाएंगे राहुल गांधी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आठ जुलाई को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। पूर्वोत्तर का यह राज्य पिछले गई महीनों से हिंसा की आग में झुलस रहा है। राहुल गांधी वहां कांग्रेस नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले वो हाथरस के दौरे पर गए थे। बीते दिनों हाथरस में बाबा साकार हरि के सत्संग में मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। राहुल उन्हीं के परिजनों को सांत्वना देने हाथरस दौरे पर थे। इस बीच, उन्होंने केंद्र सरकार से पीड़ितों को मिलने वाली राशि को भी बढ़ाने का ऐलान किया था। वहीं, अब राहुल गांधी गुजरात गए हैं। हाथरस और अहमदाबाद के बाद राहुल गांधी ने मणिपुर जाने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि मणिपुर के थोबल इलाके से ही राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की थी। राहुल मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। इससे पहले, उन्होंने इस मुद्दे को संसद में भी उठाया था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने मणिपुर की दो लोकसभा सीटों पर जीत का पताका फहराया है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार लगातार मणिपुर की अनदेखी कर रही है। वो मणिपुर के साथ ऐसा व्यवहार कर रही है, जैसे वो इस देश का हिस्सा ही ना हो। इस हिंसा की जद में आकर अब तक मणिपुर में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

# हाथरस भगदड़: मुख्य आरोपी देव प्रकाश समेत दो अन्य गिरफ्तार

प्रात : किरण



हाथरस/नई दिल्ली/एजेसी। हाथरस भगदड़ मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन और लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस भगदड़ में सत्संग के बाद 121 लोगों की जान चली गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक हाथरस निपुण अग्रवाल ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए आज बताया, ह्यह्यमुख्य आयोजक और मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को हाथरस पुलिस के विशेष अभियान समूह ने शुक्रवार देर शाम दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार को सिकंदराराऊ पुलिस ने दो और आरोपियों राम प्रकाश शाक्य और संजू यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एडीजी आगरा जोन ने देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया है। एसपी ने बताया कि 2 जुलाई को फुलराई मुगल गढ़ी गांव में भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, उसी दिन सिकंदराराऊ थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मुख्य आयोजक देव प्रकाश और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और जांच डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई थी। पुलिस ने छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी को भी पुलिस हाथरस ले आयी है। उन्होंने कहा, देव प्रकाश की गिरफ्तारी के असफल प्रयासों के बाद एडीजी आगरा जोन ने 4 जुलाई को उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। एसपी ने कहा कि मुख्य आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह 2010 से एटा में मनरेगा के तहत जूनियर इंजीनियर के पद पर संविदा पर काम कर रहा था। वह पिछले कई वर्षों से संगठन से जुड़ा हुआ है और मुख्य रूप से कार्यक्रमों के आयोजन और धन एकत्र करने के लिए जिम्मेदार था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि देव प्रकाश ने 2 जुलाई को फुलारी मुगल गढ़ी गांव में आयोजित कार्यक्रम के लिए अनुमति ली थी। मुख्य रूप से उसकी दो भूमिकाएं सामने आई हैं, पहली मुख्य आयोजक के रूप में और दूसरी धन जुटाने वाले के रूप में। एसपी ने बताया कि पता चला है कि देव प्रकाश के निर्देशन में काम करने वाले सेवादार और आयोजन समिति के कार्यकर्ता सत्संग के दौरान प्रवेश, निकास, बैरिकेडिंग और पार्किंग की जिम्मेदारी संभालते थे।उन्होंने कहा, वे सत्संग के दौरान पुलिस प्रशासन को किसी भी तरह के हस्तक्षेप से रोकते थे। कमांडो की पोशाक पहने उनके सेवादार सारी व्यवस्था करते थे। यह पता चला है कि 2 जुलाई को सत्संग के दौरान उचित व्यवस्था नहीं की गई थी और प्रशासन द्वारा जारी अनुमति पत्र की कई शर्तों का उल्लंघन किया गया था। घटना के बाद सभी सेवादार मौके से भाग गए, जिससे अव्यवस्था फैल गई और भगदड़ मच गई।

# भीख मांगने वालों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की सिफारिश

प्रात : किरण

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शुक्रवार को एक परामर्श जारी कर भीख मांगने वाले व्यक्तियों का संरक्षण करने और उनका पुनर्वास कराने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने और राष्ट्रव्यापी डाटाबेस तैयार करने समेत कई सिफारिशें की हैं। आयोग ने एक बयान में कहा कि यह परामर्श केंद्र और राज्य सरकारों को भीख मांगने वाले लोगों के जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अनेक पहलों और कल्याणकारी कार्यक्रमों को शुरू करने के बावजूद देशभर में लोगों का भीख मांगना जारी है। बयान में कहा गया कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में भीख मांगने वाले और खानाबदोश लोगों की संख्या 4,13,000 (4.13 लाख) से अधिक थी। एनएचआरसी ने अधिकारियों से भीख मांगने वाले व्यक्तियों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने की सिफारिश की है। एनएचआरसी ने कहा कि भीख मांगने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण, रोजगार के अवसरों मुहैया कराया जाए और इन पर अमल के लिए लगातार निगरानी की जाए। मानवाधिकार आयोग ने जबरन भीख मंगवाने वाले किसी भी गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए मानव तस्करी विरोधी कानून बनाने के उद्देश्य से समाजशास्त्रीय और आर्थिक प्रभाव का आकलन करने की भी सिफारिश की। आयोग ने कहा कि इस कानून में भीख मांगने को मानव तस्करी के मूल कारणों में से एक माना जाना चाहिए तथा अपराधियों के खिलाफ दंडनीय अपराध का प्रावधान होना चाहिए।

**बधाई** — इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत के बाद ईरान में नए राष्ट्रपति बने.......

# मसूद पेजेशकियान बने ईरान के नए राष्ट्रपति, पीएम ने दी बधाई

प्रात : किरण

तेहरान/एजेसी। ईरान के चुनाव नतीजों का एलान हो गया है और सुधारवादी नेता मसूद पेजेशकियान को नया राष्ट्रपति चुन लिया गया है। इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत के बाद ईरान में नए राष्ट्रपति के लिए 28 मई को पहले चरण का मतदान हुआ। वहीं, 5 जुलाई को हुए दूसरे चरण के मतदान के बाद मसूद पेजेशकियान ने जीत हासिल की है। पेजेशकियान की पहचान एक उदारवादी और सुधारवादी नेता के रूप में हैं। अपने चुनाव अभियान के दौरान पेजेशकियान ने सख्त हिजाब कानून को आसान बनाने का वादा किया था। तो आइए जानते हैं कि कौन हैं मसूद पेजेशकियान और उनके राष्ट्रपति बनने से भारत के साथ ईरान के रिश्तों पर क्या असर होगा। ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान पेशे से डॉक्टर हैं और ईरान की तबरीज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रमुख रहे हैं। पेजेशकियान साल 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। मसूद पेजेशकियान पहली बार राष्ट्रपति चुनाव में नहीं उतरे बल्कि साल 2011 में उन्होंने पहली बार राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। भारत-ईरान संबंधों पर क्या होगा असर?



भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत आर्थिक संबंध रहे हैं। पेजेशकियन के राष्ट्रपति बनने के बाद इन संबंधों के और भी मजबूत होने की संभावना है। पेजेशकियान एक सुधारवादी नेता हैं और वह पश्चिमी देशों से भी संपर्क बढ़ाने के पक्षधर हैं। ऐसे में वह भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता नहीं देंगे, ऐसा होने की आशंका कम ही है। खासतौर पर रणनीतिक रूप से अहम चाबहार बंदरगाह पर दोनों देशों का फोकस रहेगा। भारत ने इस परियोजना में भारी निवेश किया है और यह बंदरगाह, भारत को पाकिस्तान को दरकिनार कर मध्य एशिया तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। भारत ने चाबहार बंदरगाह टर्मिनल के विकास के लिए 12 करोड़ डॉलर देने का वादा किया है और ईरान में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 25 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन देने की भी पेशकश की है। विशेषज्ञों का मानना है कि चाहे सत्ता में कोई भी रहे, ईरान की विदेश नीति में बदलाव की संभावना नहीं है।

**प्रधानमंत्री ने मसूद पेजेशकियन को दी बधाई**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मसूद पेजेशकियन को इस्लामी गणराज्य ईरान का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, इस्लामी गणराज्य ईरान के राष्ट्रपति चुने जाने पर मसूद पेजेशकियन को बधाई। हमारे लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे मधुर और दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की आशा है।

# सासाराम में नहर में डूबी चार छात्राएं, गांव में मातम का माहौल

**नहर में पैर धोने के दौरान हुआ हादसा, एक को बचाने में तीन बह गई**



प्रात : किरण

पटना। रोहतास जिले के सासाराम प्रखंड अंतर्गत लालगंज कुराईच नहर में धुवां गांव के पास चार छात्रा नहर में डूब गई ।चारों छात्रा सासाराम मुफस्सिल थाना अंतर्गत धुवां गांव की बताई गई है। जिसमें दो सगी बहनें शामिल है।जानकारी के मुताबिक महंदीगंज विद्यालय से धुवां गाँव की चार छात्रा पढ़कर अपने गांव आने के बीच नहर पुल पर हाथ पैर धोने लगी। जहां पैर फिसल कर एक लड़की डूबने लगी। जिसे बचाने के लिए तीनों लड़कियां कोशिश की। इसी बीच बारी-बारी चारों छात्रा डूब गई। बताया गया कि धुवां गांव के मुन्ना यादव की पुत्री बिपाशा कुमारी तथा बिट्टू कुमारी, पुर्णवासी यादव की पुत्री पूजा कुमारी तथा धनजी प्रसाद की पुत्री रिमझिम कुमारी नहर में डूब गई। सूचना पर पहुंचे प्रशासन पुलिस के लोग स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से लड़कियों को ढूंढने की प्रयास में जुटे है। गांव के लोग भी नहर में ढूंढने के प्रयास में लगे हुए हैं ।फिलहाल अब तक डूबी चारों छात्राओं का आता पता नहीं है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की पहचान धुवां गांव निवासी मुन्ना यादव की पुत्री बिपाशा कुमारी तथा बिट्टू कुमारी, पुर्णवासी यादव की पुत्री पूजा कुमारी तथा धनजी प्रसाद की पुत्री रिमझिम कुमारीके रूप में की गई है। डूबने वालों में दो सगी बहनें हैं।

**स्कूल से लौटने के क्रम में हुआ हादसा :**

घटना के संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि महंदीगंज विद्यालय से धुवां गांव की चार छात्राएं पढ़कर घर लौट रही थीं। तभी अपने गांव आने के बीच स्थित नहर के पुल पर हाथ पैर धोने लगी। इसी क्रम में उनमें से एक का पैर फिसल गया और वह लड़की डूबने लगी। उसे डूबते देख उनकी सहेलियां उसको बचाने में जुट गई और इसी क्रम में बारी-बारी से चारों सहेलियां नहर में गिर गई। उन्हें नहर में गिरते देख अआस्पास के लोग दौड़ पड़े और उन लड़कियों को बचाने की कोशिश करने लगे, लेकिन उनकी यह कोशिश बेकार साबित हुई। ग्रामीणों के अनुसार बचाने के क्रम में बारी-बारी चारों छात्राएं नहर में डूब गई।

# ऑटो-ट्रक भिड़ंत में चार महिलाओं की मृत्यु

प्रात : किरण

शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में एक ऑटो और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में चार महिलाओं की मौत हो गई। कल देर रात हुए इस हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बुढ़ार थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि पकरिया गांव के पास कल रात लगभग 10 बजे शहडोल से अमलाई जा रहे ऑटो की सामने से आ रहे हाइवा से टक्कर हो गई। हादसे में चार महिलाओं स्थानीय निवासी रिया, रोशनी, ममता और सुशीला की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण सड़क के पशु को बचाने के चक्कर में ऑटो का सामने से आ रहे ट्रक से टकरा कर पलटना बताया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### चौकीदार देवेन्द्र पासवान के असमायिक निधन

सिंहवाड़ा(दरभंगा) ।सिमरी थाना के चौकीदार भराठी पंचायत के गौड़ा निवासी देवेन्द्र पासवान क असमायिक निधन पर चौकीदार दफादार संघ ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर गहरी संवेदना व्यक्त की है ।बताया जाता है कि शुक्रवार की रात ड्यूटी के दौरान गांव में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद 53 वर्षीय चौकीदार देवेन्द्र पासवान की मौत हो गई। मृतक के पुत्र गणेश पासवान ने बताया कि पैरालाइज्ड होने की स्थिति में चिकित्सक के यहां ले जाने के क्रम में रास्ते पर पिता ने अंतिम सांस ली। शनिवार को दफादार तौकीर अहमद की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर श्राद्धा सुमन अर्पित कर अंतिम बिदाई दी गई। मौके पर चौकीदार रणधीर सिंह ,नथुनी दास,इन्द्रजीत दास,हनुमान पासवान,सुरेश पासवान,महेश पासवान, राम कुमार चौबे ,बिनोद पासवान, जीवछ कमती सहित अन्य मौजूद थे ।इधर थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक बिरेन्द चौधरी,अनि पंकज रजक, ज्योति कुमारी, सहायक दारोगा मेंहदी हसन,संतोष कुमार, लक्ष्मण प्रसाद ने कहा चौकीदार देवेन्द्र पासवान अपने कर्तव्य के प्रति सजग व प्रशासन को सहयोग कर कर्तव्यनिष्ठ थे।

### ट्रक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के दलसिंहसराय सिंघियाघाट एस एच 88 कल्याणपुर उत्तर पंचायत स्थित बैंती पार पेट्रोल पंप के निकट शुक्रवार की देर संध्या ट्रक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कल्याणपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 14 निवासी बिंदेश्वर राय के पोता एवं गन्नौर राय के पुत्र राहुल कुमार 23 वर्ष के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक दलसिंहसराय की ओर से अपने घर आ रहा था। इसी भी कल्याणपुर पेट्रोल पंप के निकट बाइक और ट्रक में टक्कर हो गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की माता सुमित्रा देवी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। बता दें की मृतक दो भाई एवं दो बहन थे। दो भाइयों में बड़ा था। शादी भी अभी नहीं हुई थी। परिवार का कमाऊ पूत के मौत से परिवार के लोग सदमे में डूबे हुए हैं।

### समाजसेवी के निधन पर शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के महम्मदपुर सकड़ा निवासी समाजसेवी कमल बिहारी मिश्र उर्फ जाटों मिश्र का निधन शुक्रवार की देर संध्या हो गई। वे 85 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र अरविंद कुमार मिश्र, सतीश कुमार मिश्र, रजनीश कुमार मिश्र सहित नाती पोता से भरे परिवार को छोड़कर चल बसे। बताया जाता है कि वे हमेशा से समाज की सेवा करते आ रहे थे। उनके बिना कोई भी पंचायती नहीं हो पाती थी। उनके निधन पर राजेश झा, रामभरोस राय, विश्वनाथ मिश्र, राम नारायण सिंह, कैलाश झा, मदन मोहन पाठक, राम पवित्र झा, रामविलास चौधरी, सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया।

### दहेज हत्या के अभियुक्त के घर थानाध्यक्ष ने चिपकाया इश्तेहार

मनीगाछी(दरभंगा) ।थाना क्षेत्र के महथौर गांव निवासी बूधन यादव के घर पर शुक्रवार को मनीगाछी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने इश्तेहार चिपकाया। तथा सार्वजनिक रूप से माइक लगा कर आम लोगों के बीच इसकी घोषणा की। बूधन यादव दहेज हत्या के फरार अभियुक्त हैं। इनके विरुद्ध मनीगाछी थाना में बिरौल थाना क्षेत्र के दाथ गांव निवासी फूलो यादव ने अपनी पुत्र खुशबू कुमारी की दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाकर कांड संख्या 261/23 दिनांक 17/12/23 दर्ज कराया था। दर्ज कांड में फूलो यादव ने अपने दामाद नीरज कुमार यादव,समधी बूधन यादव एवं समधिन अंजीला देवी सहित अन्य सात लोगों को अभियुक्त बनाया है। न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करने तथा फरार रहने की स्थिति में कोर्ट ने समन जारी कर इश्तेहार चिपकाने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि इश्तेहार के बाद भी आत्मसमर्पण नहीं किए जाने पर जब्ती कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। मौके पर चौकीदार सुरेश मेहता, ललन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीएम ने की एईएस एवं परवरिश योजना की समीक्षा



मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में ए.ई.एस. एवं परवरिश योजना की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में कुल 24 मामले प्रतिवेदित है। सभी बच्चे इलाज के उपरान्त सकुशल एवं सुरक्षित रूप से अपने-अपने घर वापस चले गये हैं। उल्लेखनीय है कि जुलाई माह में एक भी मामले ए.ई.एस. के नहीं आए हैं तथा इस वर्ष ए.ई.एस. के मामले भी कम हुए है तथा एक भी डेथ केस नहीं हुआ है। जिले में अधिकारियों की सक्रियता एवं तत्परता तथा आई.ई.सी. गतिविधि लगातार जारी रखने, पोषण स्तर में बृद्धि होने के कारण जिले में ए.ई.एस. का केस बिल्कुल नियंत्रित रहा। फिर भी जिलाधिकारी ने इस स्तर को कायम रखते हुए स्थिति को अधिक बेहतर बनाने, लोगों को सजग एवं सतर्क रहने तथा अधिकारियों को अभी भी अलर्ट मोड में ही कार्य करने का निर्देश दिया है ।बैठक में एस.के.एम.सी.एच. में शिशु रोग के विभागाध्यक्ष डॉ॰ गोपाल शंकर सहनी ने कहा कि जिले में यद्यपि नन इन्फेक्टिव मामले का दौर समाप्ति पर है, किन्तु संक्रमण से संबंधित ए.ई.एस. का दौर अभी रहेगा। इसलिए उन्होंने सितम्बर तक लोगों को सजग एवं सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में ए.ई.एस. संबंधी चिन्ताए यद्यपि नन इन्फेक्टिव मामले का ही रहता है, जिसका दौर समाप्ति पर है। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित परवरिश योजना की भी समीक्षा की। इस योजना के तहत अनाथ, एड्स एवं कुष्ठ रोग से पीड़ित बच्चे अथवा पीड़ित माता पिता के बच्चें को प्रतिमाह 18 वर्ष की उम्र तक लाभार्थी को एक हजार रुपए डी.बी.टी. के माध्यम से उनके खाते में दिये जाते हैं। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि अभी वर्तमान में परवरिश योजना के तहत कुल 803 लाभुकों को लाभान्वित किया जा रहा है ।आर्ट सेन्टर एस.के.एम.सी.एच. के प्रभारी पदाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को 2100 बच्चों की सूची उपलब्ध कराई गई, जिसे जिलाधिकारी ने डी.पी.ओ. आई.सी.डी.एस. को सूची सौंपते हुए निर्देश दिया कि शेष बचे लाभुकों को अविलंब योजना से आच्छादित करने के लिए एनएसीओ एवं भारत सरकार की गोपनीयता संबंधी दिशा निर्देश का अनुपालन करते हुए योजना से लाभान्वित करें।

## केएसडीएसयू में आंशिक संशोधन के बाद एक साथ छह सेमेस्टर का पाठ्यक्रम अनुमोदित



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा ।संस्कृत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित संकायाध्यक्षों की बैठक में शुक्रवार को आंशिक संशोधनों के साथ चार वर्षीय शास्त्रीय पाठ्यक्रम के सेमेस्टर तीन से आठ के नवनिर्मित पाठ्यक्रमों को अनुमोदित कर दिया गया। अब इसे आगामी अकादमिक परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद विहित प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय के अन्य सांविधिक निकायों की हरी झंडी मिलते ही स्वीकृति के लिए पाठ्यक्रम के मसौदे को जल्द ही राजभवन भेजा जाएगा। 31 मई को ही प्राधिकार शाखा में डॉ.सुरेश्वर झा की अध्यक्षता में डीएसडब्ल्यू डॉ शिवलोचन झा के संयोजकत्व में सभी विभागाध्यक्षो एवं पाठ्यक्रम निर्माण समिति सदस्यों की अहम बैठक हुई थी जिसमे सभी ने गहन मंथन कर सेमेस्टर तीन से आठ तक के नवनिर्मित पाठ्यक्रमों के फाईनल ड्राफ्ट पर मुहर लगा दी थी। इसी के साथ बैठक में निर्णय हुआ था कि अब इसे संकायाध्यक्षों से भी अनुमोदित करा लिया जाय। इसी आलोक में आज की बैठक आहूत की गई थी। बैठक में अवलोकन के पश्चात सामूहिक निर्णय लिया गया कि पाठ्यक्रमों में कुछ संशोधन अपेक्षित है।

बता दें कि डीएसडब्ल्यू डॉ. शिवलोचन झा के संयोजन में आयोजित संकायाध्यक्षों की बैठक में कुलपति प्रो0 पांडेय के अलावा डॉ दिलीप कुमार झा, डॉ रेणुका सिंहा, डॉ अनिल कुमार ईश्वर, डॉ विनय कुमार मिश्र, डॉ शम्भू शरण तिवारी के साथ पाठ्यक्रम निर्माण समिति सदस्य डॉ वरुण कुमार झा एवम डॉ यदुवीर स्वरूप शास्त्री ने भाग लिया। मौके पर नवनियुक्त कुलसचिव प्रो0 ब्रजेशपति त्रिपाठी भी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य समिति द्वारा लागू किए गए नए ऐप का एनएचएम कर्मियों ने किया विरोध



प्रात: किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा स्वास्थ्य विभाग में (एनएचएम)निविदा कर्मियों की हाजिरी के लिए लागू किए गए नए पोर्टल का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग एन एच एम कर्मियों ने किया है ।मनीगाछी पी एच सी परिसर में शनिवार को स्वास्थ्य प्रबंधक विजय कुमार की अध्यक्षता में एन एच एम कर्मियों की हुई बैठक में इसे वापस नहीं लेने की स्थिति में हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुराधा कुमारी,बेबी कुमारी, संगीता, खुशबू, पिंकी, सुनीता, पूजा,नीरज कुमार, एवं रवि कुमार सहित दर्जनों एन एच एम कर्मी मौजूद थे। बैठक की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि यह पोर्टल स्थापना कर्मियों के लिए नहीं जो भेदभाव पैदा करता है ।महज निर्धारित राशि पर सेवा करने वालों के साथ ऐसे नियमों से भेदभाव पैदा होता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लागू किए गए इस निर्णय की वापसी नहीं होने पर सभी एन एच एम कर्मी हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे।

## एफसीआई के खाद्यान्न उठाव एवं वितरण को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर ।एफसीआई के खाद्यान्न उठाव एवं वितरण को सुचारु और सुव्यवस्थित करने हेतु एफसीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक, गोदाम प्रबंधक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा जिला प्रबंधक, एसएफसी के साथ जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने समाहरणालय में बैठक की। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर घटतौली की शिकायत आने पर संबंधित कर्मी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एफसीआई से एसएससी के गोदाम तक जाने वाले खाद्यान्नों को निर्धारित समय सीमा के अंदर उठाओ कर पहुंचाने हेतु निर्देश दिया गया। जो भी खाद्यान्न का उठाव किया जा रहा है, उसके लिए प्रत्येक केंद्र पर मजिस्ट्रेट को डेप्यूट करने का निर्देश दिया गया। ट्रांसपोर्टर को पर्याप्त मात्रा में गाडियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। नहीं कराने की स्थिति में ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध कार्रवाई होगी। एफसीआई गोदाम भगवानपुर और सराय से खाद्यान्न उठाओ के लिए तिथियां के साथ रोस्टर बनाने के लिए जिला प्रबंधक, एसएफसी को निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता एफसीआई के क्षेत्र प्रबंधक, बिहार राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, एसएफसी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों की मासिक अपराध गोष्ठी कि हुई बैठक अयोजित

### लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करते हुए सीमा व क्षेत्र में गश्त तेज करें :विप्लव कुमार

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार के कार्यालय सभाकक्ष में उनके अध्यक्षता में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों की मासिक अपराध गोष्ठी हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी कुमार ने कहा कि गत एक जुलाई से आपराधिक न्याय के नए कानूनी युग की शुरूआत हो गई है। पूर्व के आईपीसी सीआरपीसी एवं भारतीय साक्ष्य संहिता की जगह अब भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं। बीते एक जुलाई की तारीख से घटित हुए सभी अपराध नए कानून के तहत दर्ज हो रहे हैं। जिस थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ेगा तो वहां के थानाध्यक्षों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को आगामी श्रावण जलाभिषेक मुहर्रमपर्व को ध्यान में रखते हुए अपने अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था संधारित रखने का निर्देश दिया। डीएसपी कुमार ने दिवा संध्या एवं रात्रि गश्ती ससमय नियमित रूप से निकालने गश्त तेज करनेकांडों का त्वरित गति से निष्पादन करते हुए विभिन्न कांडों के फरार आरोपितों की गिरफ्तारी जल्द करने का निर्देश दिया। डीएसपी ने सख्त लहजे में थानाध्यक्षों एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि अभी से चेत जायें नहीं तो शिकायत मिलने पर कार्रवाई तय है। थानों पर पहुंचने वाले हर मामलों को गंभीरता से ससमय निष्पादित करने अपने-अपने क्षेत्रों के गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की कुंडली तैयार करने का निर्देश दिया। किसी थाना क्षेत्र में शराब बिकने की शिकायत मिली तो वहां के थानाध्यक्षों पर कार्रवाई होगी। बॉर्डर पर एसएसबी से को ऑर्डिनेट कर संयुक्त रूप से सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त अभियान चलाने अपराध व दुर्घटना पर रोक लगाने शराब तस्कर व कारी बरियो और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रुप से वाहन जांच अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए। महिला एवं बच्चों से संबंधित शिकायत एवं रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करने, नशीली पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने, इस तरह के धंधे में शामिल धंधेबाजों को चिंहित कर कार्रवाई करने गुंडा बदमाश पर निगरानी रखते हुए उन पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर धोखाधड़ी चिटफंड से संबंधित अपराध के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने एवं गिरफ्तारी की जल्द से जल्द जांच करने के लिए निर्देशित किया। लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष अंकुर कुमार गोपाल कृष्णा सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर सरवल आलम देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति कुमारी लदनिया थानाध्यक्ष धनंजय कुमार बासोपट्टी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## स्काउट-गाइड के द्वारा जागरूकता रैली निकाली




प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर ।जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट एवं गाइड वैशाली के सहयोग से बर्षा का जल संचय करने की प्रक्रिया, जल बचाव हेतु जागरूकता रैली, जल संरक्षण विषय पर स्कूली छात्राओं के साथ स्काउट गाइड को जागरूक किया गया । कार्यक्रम का संचालन भारत स्काउट एवं गाइड के जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज के देखरेख में आयोजित किया गया ।वहीं राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय हाजीपुर की गाइड छात्राओं ने इस मौके पर आम जनों के जागरूकता हेतु जागरूकता रैली निकाली।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार आज स्कूली छात्र छात्रों एवं स्काउट- गाइड के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उपेन्द्र कुमार एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ऋतुराज ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से स्काउट गाइड एवं छात्र छात्राओं ने आम जनों को पेड़ लगाओ जीवन बचाओ, जल हैं तो जीवन है, धरती हमारी मां है प्लास्टिक प्रदूषण से इसे बचाना है। जैसी जय घोष करते हुए आम जनों को जागरूक कर रहे थे।

इस मौके पर जिला संगठन आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। पेड़ों से ही हमें जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है और ऑक्सीजन प्राप्त होती है। उन्होंने स्काउट गाइड से अपील कि वो स्वयं एक पेड़ लगाएं।

अपने दोस्तों, परिजनों और ग्रामीणों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने की अपील करें। आम जनों का नैतिक दायित्व है कि वो पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान प्रदान करें। विद्यालय के प्राचार्य उपेंद्र कुमार ने कहा प्रकृति ने हमारे चारों ओर ऐसी चीजें और वातावरण निर्मित किए हैं, जो सभी प्रकार से हमारी वृद्धि और स्वास्थ्य के अनुकूल हैं। मगर ने प्रकृति की सन्तुलन पर्यावरण अर्थात अपनी क्रिया-कलाप से विकृत कर दी है। इसलिए आज इसकी सुरक्षा की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है। आज पर्यावरण सुरक्षा संपूर्ण विश्व की समस्या बन गई है। इस मौके पर स्काउट मास्टर सौरभ कुमार नरेंद्र प्रसाद सिंह, निशि चंद्रवंशी,नोडल शिक्षिका रुचि रमन, यूथ क्लब अर्चना कुमारी, उच्च विद्यालय करताहा के निरंजन कुमार, धीरज कुमार वर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर में बैगलेश शनिवार के तहत किया विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

महुआ। बिहार सरकार, शिक्षा विभाग के आदेशानुसार आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ में भारत स्काउट गाइड के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक के लिए कार्यक्रम, बाल संसद की साप्ताहिक बैठक, अभिभावक बैठक, सुरक्षित शनिवार के अलावे खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।अभिभावक बैठक में अभिभावकों ने दिलचस्पी के साथ काफी संख्या में भाग लिया एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में कई आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने विद्यालय परिवार को हर संभव सहायता करने का संकल्प व्यक्त किया है। बैठक में अभिभावक को संबोधित करते हुए प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा -विद्यालय में बच्चे 7 घंटे शिक्षकों के संपर्क में रहते हैं जहां दूर-दूर तक कोई गड़बड़ी की आशंका नहीं होती है लेकिन अगले 17 घंटे बच्चे अभिभावक के संपर्क में रहते हैं। जो बच्चे के चरित्र निर्माण के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए शिक्षकों से ज्यादा जिम्मेवारी अभिभावकों की है कि वे 17 घंटे में कैसा परिवेश देते हैं जो बच्चे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाय। उन्होंने कहा -परिवेश का पूरा प्रभाव बच्चे पर पड़ता है इसलिए सभी अभिभावक एक ऐसा परिवेश माहौल बनाएं जिसमें बच्चों को बिगड़ने की गुंजाइश दूर-दूर तक नहीं हो एवं बच्चों की सफलता के लिए यह माहौल मिल का पत्थर साबित हो। शिक्षक अभिभावक के सम्मिलित प्रयास से बच्चों की भाग्य रेखा /तकदीर बनेगी ।बैगलेस डे होने के कारण बच्चे खेलकूद के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर लुफ्त उठाया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक, सुधा कुमारी, सुमन लता, संजय कुमार ,मोहम्मद अफजल हुसैन,आशा कुमारी ,रंजीता कुमारी विनीता कुमारी ,सारिका कुमारी ,गीता कुमारी ,सजीना परवीन , भारत स्काउट गाइड के छात्र कार्तिक आनंद,साहिल राज, ऋषभ राज, बाल संसद के प्रधानमंत्री खुशबू कुमारी,उप प्रधानमंत्री श्रुति कुमारी, शिक्षा मंत्री साक्षी कुमारी, खेल मंत्री कल्पना कुमारी, साहिल कुमार के अलावा सभी मंत्री एवं काफी संख्या में छात्र उपस्थित थे ।

## ऑनलाइन गेम का विरोध कर बच्चों को शिकार होने से बचायें : अजित कुमार

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा ।टीवी तथा सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे ऑनलाइन गेम के दुष्प्रभाव को देखते हुए इसके प्रति जन जागरूकता आवश्यक है। इसी क्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ऑनलाइन गेम के खिलाफ देशव्यापी मुहिम चला कर इसके दुष्प्रभाव को जनता के बीच रखने का प्रयास कर रहा है। साथ ही आमजनों से अपील करता है कि वह भी ऑनलाइन गेम का विरोध करें और बच्चों को इसका शिकार न होने दें ताकि उनका जीवन इसके कुचक्र से बचा रहे। इसमें शामिल होते हुए जिला इकाई ने इसका प्रचार करने वाले मुख्य सेलिब्रिटियों को पत्र भेजकर ऑनलाइन गेम को बढ़ावा न देने का आग्रह किया है। ग्राहक पंचायत के जिला सचिव अजित कुमार एवं जिला संगठन मंत्री जितेंद्र साह भानू द्वारा भेजे गए पत्र में क्रिकेटर एम एस धोनी , विराट कोहली, स्मृति मंधाना, हरभजन सिंह सहित फिल्म स्टार , जैकी श्रॉफ,शाहरुख खान और रितिक रोशन शामिल है। हमारा संगठन किसी भी प्रकार के ऑनलाइन गेम के खिलाफ है और इसका विरोध करता है। आम लोगों से भी अपील है कि इस प्रकार के खेलों को बढ़ावा ना दें ताकि हमारे युवा पीढ़ी इस ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में ना पड़े और अपना भविष्य उज्जवल कर सके।

## पांच सूत्री मांगो के समर्थन में 8 जुलाई से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का निर्णय

प्रात: किरण संवाददाता

वैशाली। समान काम समान वेतन एवं एफ आर एस पोर्टल से अपनी उपस्थिति दर्ज नही करने सहित अपनी पांच सूत्री मांगो के समर्थन में 8 जुलाई से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे वैशाली प्रखंड के एन एच एम स्वास्थ्य कर्मी ।इसकी लिखित सूचना प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली को स्वास्थ्य कर्मियों ने दी है ।इनकी मांगो मे समान काम समान वेतन एवं एफ आर एस पोर्टल से अपनी उपस्थिति दर्ज नही करने ।ससमय वेतन का भुगतान करने।आदि शामिल है ।प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो मे कार्यरत जीएनएम, एएनएमआर,सीएचओ स्वास्थ्य कर्मी शनिवार को पी एच सी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की सूचना दी.इस मौके पर पूजा कुमारी,रेखा कुमारी,संगीता कुमारी,चंचल कुमारी,सोनम कुमारी,बबिता कुमारी,अनुराधा कुमारी,पूनम कुमारी,रम्भा कुमारी,मीरा कुमारी,नीतू कुमारी,सुधा शर्मा आदि उपस्थित थी।

## लोहिया ग्राम स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए बीडीयो ने किया बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रमोहन पासवान की अध्यक्षता में केराई पंचायत के डिलरों के साथ प्रखंड परिसर में लोहिया ग्राम स्वछता अभियान को सफल बनाने एवम् स्वच्छता शुल्क जमा करवाने के लिए प्रेरित करने पर चर्चा हुई। चर्चा की शुरूआत करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि राशन लेने आने वाले लाभुक को स्वच्छता के महत्व को समझाने तथा रोजाना कचड़ा स्वच्छता कर्मी को देने के लिए प्रेरित करने को कहा जिससे विभिन्न तरह के बीमारियों से बचा जा सके। बैठक में बोलते हुए श्री पासवान ने कहा कि विभिन्न तरह के सरकारी कार्यों के निष्पादन से पहले स्वच्छता शुल्क की प्राप्ति रसीद दिखाया जाना जरूरी होगा। इस कार्यक्रम में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन चौधरी, केराई पंचायत के मुखिया चंद्रमणि प्रसाद सिंह एवम् डीलर के रूप में बद्री नारायण सिंह, भूषण पासवान, अशोक राय, शशि प्रकाश एवम् धर्मेंद्र राम उपस्थित थे।

## मनाया गया रामाकांत महतो का 20 वां शहादत दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर बोरिया पंचायत के पूर्व मुखिया रामाकांत महतो का 20 वां शहादत दिवस मनाया गया ।सबसे पहले उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तदुपरांत ज़िला कमेटी सदस्य अरविन्द कुमार दास की अध्यक्षता में एक सभा हुई ।जिसे सी पी आई (एम) विधायक दल के नेता सह राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार, लोकल कमेटी सदस्य क्रान्ति कुमार, बोरिया पंचायत के पूर्व मुखिया जितेन्द्र प्रसाद सिंह ने संबोधित किया। अपने सम्बोधन में विधायक अजय कुमार ने कहा कि रामाकांत महतो की हत्या 2005 में कर दी गई थी। वे इस इलाके के मजबूत स्तम्भ थे। आम जनता के हित में संघर्ष करते रहते थे। सामाजिक जुल्म और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहते थे। उनका शहादत न तो कोई पहला था न अंतिम था। सामंती अपराधी गठजोड़ के द्वारा विभूतिपुर में सी पीआई (एम) के दर्जनों साथियों ने अपनी कुबार्नी दी है। शहादत से पार्टी घबराती नहीं है ।निर्भीकतापूर्वक और आगे बढ़ती है। रामाकांत महतो के कार्यकाल में पंचायत का चहुमुखी विकास हुआ था ।जिस कारण अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी। उनके अधूरे कार्यों को पार्टी पूरा करेगी। रामाकांत महतो का शहादत आज भी प्रासंगिक है ।कार्यक्रम में बोरिया शाखा के सचिव सुनील कुमार, रामाकांत महतो की पत्नी और पूर्व पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी, पुत्र अरविन्द कुमार, भारत की जनवादी नौजवान सभा के अंचल अध्यक्ष बबलू कुमार, राज कुमार पासवान, अनिल कुमार, संजीव राम, टुनटुन राम, रणजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पुलिस के नाम पर छिनतई के बाद अब पुलिसकर्मी के पुत्र से छीना सोने का चकती व मोबाइल

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

शहर में बाइक सवार बदमाशों का मनोबल बढ़ा हुआ है, पुलिस के नाम पर छिनतई की घटना के बाद अब बदमाशों ने पुलिस के परिजनों को ही निशाना बनाना शुरू कर दिया है। और तो और बदमाश अब खुलेआम नगर थाना के पास बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला लखीसराय जिले के पीरी बाजार थाना क्षेत्र के रहने वाले और वर्तमान में मोतिहारी जिले पोस्टेड बिहार पुलिस के एएसआई कल्याण कुमार से जुड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याण कुमार पूर्व में समस्तीपुर जिले में पोस्टेड थे। उनका परिवार अभी भी समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंजाबी कॉलोनी गली नंबर छह के सामने धरमपुर में एक किराए के मकान में रहता है। पिछले दिनों उनका पुत्र अपने घर से स्टेशन की तरफ जा रहा था। इसी दौरान थानेश्वर पुल के पास पांच-छह अज्ञात बदमाशों ने उनके पुत्र के गले से सोने का चकती और मोबाइल छीन लिया और वे सभी फरार हो गए। हालांकि घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से छीना गया सोने का चकती व मोबाइल बरामद किया है। बदमाशों में एक नाबालिग उम्र का है और वह नगर थाना क्षेत्र का ही रहने वाला है। वहीं दूसरे की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सोनबर्षा चौक के बिरजू साह पोखर के निकट के रहने वाले टुनटुन महतो के पुत्र मनीष कुमार (20 वर्ष) के रूप में हुई है। बता दें कि बीते 28 जून को नगर थाना क्षेत्र के क्रांति होटल के पास बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस चेकिंग के नाम पर एक बाइक सवार से सोने की चेन व सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गए थे। वहीं इससे एक दिन पूर्व 27 जून को बाइक सवार बदमाश मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सोनबर्षा चौक से पहले एक आड़ा मिल के नजदीक पुलिस चेकिंग के नाम पर एक शिक्षक के गले से एक लाख 25 हजार रुपए मूल्य के सोने का चेन लेकर फरार हो गए थे। नगर थाना पुलिस के द्वारा दो बदमाशों के पकड़े जाने के बाद आगे इस तरह की घटनाओं पर विराम लगने की संभावना है। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को पकड़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कॉर्पियो ने ई रिक्सा में मारी ठोकर, दो महिला, दो बच्चा एवं एक पुरुष हुए घायल

मधेपुरा राजपुर चौक के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ई रिक्सा में ठोकर मार दी जिसमें दो महिला दो बच्चा एक पुरुष जख्मी हो गए। बता दें कि भराही बाजार के पास ई रिक्शा से दो महिला दो छोटे बच्चे मुरलीगंज प्रखंड क्षेत्र के मूसहरनियारही अपने मायके जा रही थी। स्कॉर्पियो से ई रिक्शा में ठोकर लगने से रिक्शा पर सवार सभी जख्मी हो गए। सामाजिक कार्यकर्ता इंदल कुमार ने सभी जख्मी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया।जहां चिकित्सा एक महिला के गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

### महिला शराब कारोबारी समेत तीन गिरफ्तार

चौसा (मधेपुरा) पुलिस ने शुक्रवार की देर रात अलग-अलग जगहों में छापेमारी महिला समेत तीन शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह चौसा थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि रसलपुर धुरिया पंचायत के अलग-अलग जगह में पुलिस टीम के की गई छापेमारी के दौरान वेधानंद यादव और मोहन यादव तथा गुंजन देवी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार तीनों शराब कारोबारी निशानदेही पर उसके घर में की गई छापेमारी में 10 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार महिला समेत तीनों शराब कारोबारी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### असहाय लोगों के बीच चलाया गया लंगर

जमुई [ झाझा ] शनिवार को रेलवे स्टेशन के समीप ई रिक्शा स्टैंड के पास मानव सेवा संघ की ओर से विभिन्न राजनीति, सामाजिक संगठन के सदस्य के साथ प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने एकजुट होकर गरीब असहाय लोगों के बीच मानव धर्म का पालन करते हुए निशुल्क लंगर चलाया। लंगर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे जिसे भोजन करवाया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नेहा छवि ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम होने से लोगों के बीच एक अलग ही संदेश पहुंचता है जिससे सौहार्दपूर्ण समाज का निर्माण होता है। लोगों को चाहिए कि वे भी आगे आकर ऐसे कार्यक्रम गरीब असहाय लोगों के बीच करे।

# खेल मैदान सहित कई जगहों पर जल जमाव, जिम्मेदार कौन

## पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश से कई जगहों पर उत्पन्न हुई है जल जमाव की समस्या

- जल की जमाव इस समस्या से निजात दिलाने को जनप्रतिनिधि व अधिकारी बने हुए हैं मौन



प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) पिछले एक सप्ताह से हो रही बारिश से जानता है स्कूल का खेल मैदान सहित कई जगहों पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। बावजूद इसके जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए ना तो जनप्रतिनिधि शुद्ध ले रहे हैं और ना ही संबंधित विवाह के अधिकारी। अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के मौन रहने के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से मुख्यालय में अवस्थित जनता हाई स्कूल का संपूर्ण खेल मैदान पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। वही कन्या मध्य विद्यालय से मुख्य बाजार जाने वाली सड़क में भी जल जमाव रहने के कारण छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कन्या विद्यालय से मुख्य बाजार जाने वाली सड़क में महादेव लाल मध्य विद्यालय और जनता हाई स्कूल भी अवस्थित है। जबकि बस स्टैंड से मुख्य बाजार जाने वाली सड़क में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक तथा राजस्व कचहरी के पास भी भारी जल जमाव की समस्या उत्पन्न हुई है। मुख्यालय में इन सभी जगह पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न होने के बाद न केवल आम लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि संबंधित मार्गो से विद्यालय में पठन-पाठन करने के लिए आवाजाही करने वाले छात्राओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद भी जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए ना तो संबंधित विभाग के अधिकारी गंभीर है और ना ही पंचायत के प्रतिनिधि गंभीर है।

## मुरलीगंज गोल बाजार में ग्रामीण बैंक सहित दो दुकानों में चोरों ने ताला कटकर कि चोरी




- करीब 3 लाख की क्षति का लगाया जा रहा है अनुमान

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा के मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोल बाजार में चोरों ने देर रात दो इलेक्ट्रोनिक दुकान सहित ग्रामीण बैंक का तोड़ा ताला, बाल बाल बचे बैंक की तिजोरी। वहीं दो दुकानों से करीब 3 लाख की संपति पर चोरों ने फेरा अपना हाथ। बैंक के सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीर हुई कैद,मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस।

वहीं इस मामले को लेकर जहां व्यापार संघ के सचिव दिनेश मिश्रा ने चोरी मामले में पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि हम व्यवसाई पूरे दिन मेहनत करते हैं और रात को आए दिन लूटे जाते हैं उन्होंने मधेपुरा एसपी संदीप सिंह से जल्द कार्रवाई की मांग की है साथ हीं उन्होंने कहा कि अगर पुलिस तत्काल कार्रवाई नहीं करती है तो हम सभी व्यवसाई निर्णायक आंदोलन को बाध्य होंगे।

वहीं उतर ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मंतोष कुमार ने बताया कि चोरों ने बैंक का ताला कटकर अंदर प्रवेश किया जरूरी कागजात आदि फेंक दिया साथ हीं तिजोरी तक पहुंचा लेकिन तिजोरी पूरी तरह सेफ है अत्यधिक कोई नुकसान नहीं हुई है वहीं सीसीटीवी कैमरे में कैद है चोरों की तस्वीर बहरहाल पुलिस मामले को खंगाल रही है। उधर दुकानदारों की माने तो करीब 3 लाख की क्षति हुई है महंगे बैटरी आदि सामग्री लेकर चोर रफुचकर हो गए हैं ।

## सुरक्षा पखवारा सह विद्यालय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) महादेव लाल मध्य विद्यालय चौसा में सुरक्षा पखवारा सह विद्यालय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्यक्तिगत और समुदाय की स्वच्छता जीवन के लिए बहुत जरूरी है। बचपन से ही स्वस्थ्य जीवन के लिए साफ -सफाई की आदत डालनी चाहिए।इसके लिए विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को फोकल शिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त बातें महादेव लाल मध्य विद्यालय चौसा के प्रधानाध्यापक छविनाथ पासवान ने कहा की विद्यालय में आयोजित विद्यालय सुरक्षा पखवारा सह विद्यालय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन बच्चों में अच्छी आदत डालने और आपदा से बचाव का गुर सिखाने के लिए किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान फोकल शिक्षक यहिया सिद्दीकी, भालचंद्र मंडल और रीणा कुमारी द्वारा बच्चों के साथ हाथ धुलाई संबंधी मॉकड्रिल कराया गया।मौके पर वरीय शिक्षिका मंजू कुमारी, शिक्षक सत्यप्रकाश भारती, प्रणव कुमार, राजेश कुमार, मंजर इमाम, शमशाद नदाफ, श्वेता कुमारी तथा शारीरिक शिक्षा व स्वास्थ्य अनुदेशक मनोज कुमार सहित छात्रगण उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का डीडीसी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र के बाराटेनी हाई स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र के लिए बनें भवन का उद्घाटन डीडीसी अवधेश कुमार आनंद एवं डीपीओ रश्मि कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पर डीडीसी आनंद ने कहा कि आईसीडीएस द्वारा राज्य के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जमीन उपलब्ध होने की स्थिति में भवन का निर्माण कर नौनिहाल बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार का लक्ष्य है। चूंकि राज्य में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र अभी भी रैन बसेरा,छतदार चबुतरा, सामुदायिक भवन या नीजी जमीन में किराये के भवन में संचालित हो रही है। जहां नौनिहाल बच्चों के लिए शौचालय, चापाकल आदि सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाती है। ऐसी स्थिति में राज्य के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भवन का निर्माण होना अतिआवश्यक है। ताकि नौनिहाल बच्चे नियमित अपने -अपने पोषक क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुंचकर प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर सके। मौके पर डीपीओ रश्मि कुमारी ने कहा कि सरकार राज्य के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तीन से छह वर्ष के नौनिहाल बच्चों के लिए ड्रेस, भोजन और खेलने के लिए समुचित सुविधाएं मुहैया कराती है। ताकि बच्चों के माता-पिता को आर्थिक बोझ सहन ना करना पड़े। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सभी सेविकाओं नौनिहाल बच्चों को खेल -खेल में पढ़ने, लिखने, बोलने एवं रहन -सहन के लिए नियमित पाठ पढ़ाती है ।जब बच्चे छह वर्ष के हो जाते हैं तो उन्हें बगल के प्राथमिक या मध्य विद्यालय में प्रथम क्लास में आंगनबाड़ी केंद्र से निकलने के बाद नामांकन कराया जाता है। जहां बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से लैस होकर विद्यालय में पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है।अब इस भवन का उद्घाटन होने से आमजनों तथा सेविकाओं में काफी उत्साह का माहौल देखा गया। उद्घाटन के मौके पर सीडीपीओ निखत आरा,एलएस नुसरत बानो, मुखिया राजेश कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख विकास चंद्र यादव समेत आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका मौजूद थे ।

## 9 जूलाई को प्रखंड कार्यालय में होगा रोगी कल्याण समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रोगी कल्याण समिति की बैठक आगामी 9 जूलाई को प्रखंड कार्यालय में कि जाएगी। जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल सह रोगी कल्याण समिति के सचिव झाझा डॉ. अरूण कुमार सिंह ने दी।

उन्होनें बताया कि बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति रविजी, प्रखंड प्रमुख द्वारा नामित एक पंचायत समिति सदस्य, डॉ. नबाब इकबाल अख्तर, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परिजयोजना पदाधिकारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता, यूनिसेफ के प्रखंड उत्प्रेरक समन्वयक, सदस्य शामिल होगे। रोगी कल्याण समिति की बैठक आगामी 9 जूलाई को प्रखंड कार्यालय में कि जाएगी।

## सीएचसी परिसर में अपनी मांगों को लेकर एएनएम ने दिया धरना, सौंपे मांग पत्र



प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) सीएचसी में संविदा पर बहाल हुए दर्जनों एएनएम (आर) ने शुक्रवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के बाद उनलोगों ने अपनी मांगों को लेकर एक मांग पत्र सीएचसी प्रभारी डॉ वरुण कुमार को सौंपा हैं। धरना प्रदर्शन कर रही एएनएम (आर) ने कहा कि उनलोगों की मांग है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करने वाली एएनएम (आर) को फेस एटेंडेंट बनाने का निर्देश दिया गया है। जिसमें नियमित एएनएम को शामिल नहीं किया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि नियम भेदभाव पूर्ण है और इसका वे सभी विरोध करती हैं। उनलोगों ने कहा कि इसके अलावा वे सभी सरकार से मांग करती है कि समान काम के समान वेतन दें, समय पर वेतन दिया जाए, आनलाइन करने के लिए अलग से मिलने वाले पैसे नहीं दिए जा रहे हैं दिलवाई जाए। इसके साथ ही उनलोगों ने गुणवत्ता वाले मोबाइल दिए जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद धरना प्रदर्शन कर रही एएनएम ने सीएचसी प्रभारी डॉ. वरुण कुमार से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा हैं। सीएचसी प्रभारी ने कहा कि एएनएम आर के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया है। जिसे आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। मौके पर सोनिका कुमारी, नीतू कुमारी, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, खुशबू कुमारी, गुंजन भारती, नंदनी कुमारी, अर्चना कुमारी, वंदना कुमारी, प्रीति कुमारी, स्नेह लता, सोनी कुमारी, कंचन कुमारी, लवली कुमारी, जुली कुमारी, रिया कुमारी, रानी कुमारी, रुबी कुमारी, सरिता कुमारी, रिंकू कुमारी सहित अन्य एएनएम मौजूद थी।

## अनुष्ठान को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र स्थित केशोपुर पंचायत के झालोठीका गांव में नवनिर्मित श्री श्री 108 काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर चलने वाले दस दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कुंवारी कन्या और युवतियों के द्वारा कलश उठाया गया। ढोल नगाड़े के बीच निकली कलश शोभायात्रा में शामिल बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने हाथों में ध्वज लिए जय मां काली, जय माता दी के जयकारे लगाते हुए गांव के ही समीप नदी में पहुंचा जहां पंडितों के द्वारा पूजा पाठ किया जिसके बाद कलश लिए कुंवारी कन्या और युवतियों ने कलश में जलभरने के बाद मंदिर परिसर के लिए रवाना हुआ। पूरा रास्ता श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते रहे। दस दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर आयोजनकर्ता चंदन कुमार ने बताया कि काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शनिवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। उसके बाद 7- 12 जुलाई तक आचार्य विजय पांडे और अवध किशोर पांडेय के द्वारा ग्रंथ पाठ, 13 जूलाई को प्राण प्रतिष्ठा, 14 जूलाई को अष्टयाम रामधुनी तथा 15 जुलाई को पूणार्हुति एवं रात्रि में राम विवाह कार्यक्रम के साथ संपन्न किया जाएगा। गांव में धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होने के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय में तब्दील हो गया है।

## उदाकिशुनगंज पीएचसी को पुनः व्यवस्थित करने की मांग को ले मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज नप मुख्यालय स्थित पुराने पीएचसी को पुनः व्यवस्थित करने की मांग शहर के जनप्रतिनिधियों ने की है। इसे लेकर शहर के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार पटना, कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना, जिला पदाधिकारी मधेपुरा, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी मधेपुरा को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर परिषद क्षेत्र में एक मात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है। जिसकी स्थापना आजादी से पूर्व ही हुआ था। वर्तमान सरकार में अस्पताल पूरी तरह व्यवस्थित हुआ। खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में अस्पताल की व्यवस्था बेहतर हुआ। इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मूलभूत सभी सुविधाएँ उपलब्ध थी। जिससे इस क्षेत्र के निवासी को स्वास्थ्य सेवा में काफी सुविधा होती थी। परन्तु दो वर्ष पूर्व एकाएक इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दी जा रही सभी सुविधाएँ व सभी स्वास्थ्य कर्मी को अनुमंडलीय अस्पताल हरैली में स्थानन्तरित कर दिया गया। ज्ञात हो कि उक्त अनुमंडलीय अस्पताल स्थानीय बाजार से करीब तीन किलोमीटर वीरान जगह पर अवस्थित है। जहाँ आवागमन की उपयुक्त सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण जननी व दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति उचित समय पर इलाज हेतु अस्पताल नहीं पहुँच पाते हैं। जिस कारण शिशु का जन्म रास्ते में ही हो जाता है तथा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति तथा सर्पदंश वाले रोगी की अस्पताल पहुँचने से पहले मौत हो जाया करता है। साजिशन अस्पताल की व्यवस्था को समाप्त किया जा रहा है। परिस्थिति को देखते हुए इस क्षेत्र के जीवन रेखा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उदाकिशुनगंज में पूर्व की भांति पुनः सुचारू रूप से व्यवस्थित करने की मांग की गई है। ताकि इस क्षेत्र के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। पहले की तरह अस्पताल सुव्यवस्थित नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों ने चरणबद्ध आंदोलन की बात कही है। मांग करने वालों में उदाकिशुनगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 22 के वार्ड पार्षद विनोद कुमार यादव, वार्ड 25 के पार्षद अमित कुमार, वार्ड 20 के पार्षद साक्षी कुमारी, वार्ड 14 के पार्षद रीना देवी, उप मुख्य पार्षद मिंकी कुमारी, स्थानीय जूही कुमारी, त्रिपुरारी कुमार आदि शामिल हैं।

## बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष ने रेलमंत्री से की मुलाकात, रखीं मांग



प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष व आलमनगर के जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव बुधवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दिल्ली स्थित रेल भवन में मुलाकात की। विस उपाध्यक्ष ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया। उन्होंने कहा कि व्यवहारिक तौर पर रेल मंत्री से मुलाकात कर नई सरकार के गठन पर शुभकामनाएं दी। वहीं विस उपाध्यक्ष यादव ने रेलमंत्री को मांग पत्र सौंपा। जिसमें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने रेल मंत्री को बताया है कि बिहार प्रांत का कोसी क्षेत्र रेल के मामले में वर्षों से उपेक्षित है। खासकर मधेपुरा जिला का उदाकिशुनगंज अनुमंडल इससे अछूता है। रेलवे की पूर्व लंबित परियोजना अधूरी पड़ी हुई है। यदि लंबित परियोजना पूरी हो जाती है तो इलाके का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने अपने मांग पत्र में जिक्र किया है कि बिहार राज्य के जिला मधेपुरा अंतर्गत बिहारीगंज से उदाकिशुनगंज - पुरैनी - चौसा - नवगछिया तक बड़ी रेल लाइन, बिहारीगंज से उदाकिशुनगंज - आलमनगर झ बख्तियारपुर तक बड़ी रेल लाइन परियोजना लंबित सूची में शामिल हैं। समाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े होने के कारण परियोजना पर काम होना आवश्यक है। इससे लोग बेहतर होंगे। सुलह यातायात के साधन होने से लोग समृद्ध होंगे। वहीं विस उपाध्यक्ष ने बिहारीगंज से बनमनखी - मुरलीगंज झ मधेपुरा झ सहरसा - मानसी - खगड़िया - बेगूसराय- बरौनी - मोकामा- बाढ़- बख्तियारपुर तथा पटना जंक्शन तक इंटरसिटी चलाने की मांग की। विस उपाध्यक्ष यादव की बात को रेलमंत्री वैष्णवी ने गंभीरता पूर्वक सुना। रेलमंत्री यादव को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को पूरा करने की दिशा में काम होगा। क्षेत्रीय समस्या को रेलमंत्री के पास रखने के लिए पार्टी कार्यकताओं ने नरेंद्र नारायण यादव को बधाई दी है। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने क्षेत्रीय मांग के लिए नरेंद्र नारायण यादव को बधाई दी है।

## हिलसा गांव में वज्रपात की चपेट से एक बालक की मौत,परिजनों में मातम

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः-चंद्रदीप थाना क्षेत्र के कोदवरिया पंचायत के हिलसा गांव के महेंद्र यादव के 12 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार की वज्रपात होने से मौत हो गई। मृतक के पिता महेंद्र यादव ने बताया कि मेरा पुत्र सौरभ कुमार घर के बगल बहियार में जानवर चारा रहा था ।इसी दौरान मूसलाधार वर्षा होने लगी। वर्षा होने के दौरान अचानक बिजली कड़की बिजली चमकने के साथ ही वज्रपात हो गया । जिसमें सौरभ कुमार वज्रपात की चपेट में आने से घटना स्थल पर बेहोश हो गया । घटना की सूचना मिलते ही परिजन सहित गांव वाले घटनास्थल पर पहुंची तो देखा सौरभ बेहोश पड़ा हुआ है आनन-फानन में अलीगंज पीएचसी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया ।जिससे परिजनों में कोहराम मच गया, परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं सूचना पाकर चंद्रदीप पुलिस पीएचसी पहुंच कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु जमुई भेजा गया।मृतक के पिता महेंद्र यादव एक गरीब किसान है। महेंद्र यादव को दो पुत्र में से मृतक बालक बड़ा पुत्र था।

## प्रसव के बाद महिला की हुई मौत, परिजनों ने अस्पताल में शव रखकर 9 घंटे तक काटा बबाल

### प्रसव के दौरान आशा और लेबर रूम में कार्यरत कर्मी ने परिजनों से ले लिया कुल 1500 रूपए

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] प्रसव होने के बाद महिला की मौत के बाद परिजनों ने रेफरल अस्पताल परिसर में रात्रि 12:30 से शव रखकर अस्पताल के कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर परिजन एवं ग्रामीणों ने बबाल काटा। परिजन लगातार महिला की मौत का जिम्मेवारी अस्पताल के कर्मियों पर लगाते रहे। मृतिका की पहचान थानाक्षेत्र के कोड़वाडीह निवासी विकास यादव की 25 वर्षीय पत्नी अंजू कुमारी के रूप में हुई है। दरअसल अंजू कुमारी के प्रसव के लिए ससुराल वाले 12 बजे दोपहर में अस्पताल लाया जहां उसकी बेटी हुई और उसके बाद रक्त अधिक निकलने से उसकी स्थिति नाजुक बन गई जिसके बाद परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने उसे सदर अस्पताल जमुई ले जाने के लिए कहा उसके बाद परिजन अंजू को लेकर सदर अस्पताल पहुंचा जहां उसकी मौत हो गई। अंजू की मौत के बाद परिजन शव को लेकर रेफरल अस्पताल रात्रि में पहुंचा और शव को रखकर अस्पताल के कर्मियों के खिलाफ गुस्सा निकालते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। हालांकि रात्रि में अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार मौके पर पहुंचकर लोगों को किसी तरह शांत करवाया लेकिन शनिवार की सुबह 9 बजे तक परिजन शव रखकर बबाल काट रहे थे। परिजनों की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके स्थल पर पहुंची और परिजनों से घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद परिजनों के द्वारा अस्पताल के कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर आवेदन दिया जिसके बाद पुलिस कागजी कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। महिला की मौत और अस्पताल में महिलाकर्मी, आशाकर्मी के द्वारा मृतिका के परिजनों से रूपए लेने के मामलें मे अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि यह एक गंभीर मामला सामने आया है।

मृतिका के ससुर ने भी एक आवेदन दिया है। फिलहाल प्रसुता के अस्पताल में भर्ती और उसका प्रसव होने से लेकर रेफर तक जो भी लेबर रूम में डयूटी कर रही थी उन सभी लोगों की जांच को लेकर एक कमेटी बनाई जाएगी और जो लोग दोषी होगें उसपर विभागीय कार्रवाई भी कि जाएगी। 1500 रूपए लेने का भी मामला आया सामने अस्पताल में बबाल काट रहे मृतिका के ससुर ने बताया कि गांव की आशा सरस्वती देवी हमलोगों को अस्पताल लाई और उसके बाद प्रसुता को अस्पताल पहुंचाने के एवज में 500 रूपए ले लिया और फिर वह चली गई। उसके बाद लगभग दो बजे अस्पताल में मेरी बहु को बेटी हुई तो अस्पताल के लेबर रूम में कार्यरत अलग अलग महिला कर्मी रूपए देने की बात करते हुए कुल 1100 रूपए भी लिया और जानकारी मिली कि अंजू का अधिक रक्त निकल रहा है जिसके बाद हमलोगों ने निजी अस्पताल में इलाज करवाने के लिए कहा लेकिन अस्पताल के कर्मी यहां पर ठीक हो जाने का आश्वासन देते रहे। वही संध्या सात बजे स्थिति नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के जमुई रेफर कर दिया। मृतिका के ससुर ने बताया कि अस्पताल के लेबर रूम की महिला कर्मियों की लापरवाही से मेरी बहु की मौत हुई है।

## हाथरस के मृतकों को भाकपा ने दी श्रद्धांजलि



प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) विगत दिन उत्तर प्रदेश के हाथरस के मृतकों को आज यहां कॉलेज चौक पर मोमबत्ती जलाकर भाकपा कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि दी।।मौके पर भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने विगत दिन उत्तर प्रदेश के हाथरस में श्रद्धालुओं की हुई दर्दनाक मौत के लिए यूपी सरकार को जिम्मेवार ठहराया।।उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जुटे लोगों की व्यवस्था एवं सुरक्षा करने में स्थानीय प्रशासन और शासन पूरी तरह से विफल रही, ढोंगी भोले बाबा नारायण हरि भावनात्मक रूप से झांसे देकर लाखों की संख्या में लोगों को जमा किया था, सनातन धर्म की दुहाई देने वाली तथा -कथित यूपी सरकार उनकी सुरक्षा भी नहीं कर सकी, दर्ज मुकदमा में बाबा नारायण हरि का नाम भी शामिल नहीं है, अभी तक उसकी गिरफ्तारी भी नहीं हो सकी, जीवन और मौत से जूझ रहे लोगों की इलाज भी नहीं हो सकी, प्रशासन के आला अधिकारी के सामने छोटे छोटे बच्चे कीड़े मकोड़े की तरह मरते रह गए आखिर कौन है जिम्मेवार ? भाकपा नेता प्रभाकर ने घटना के लिए जिम्मेवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने, सभी मृतक के परिजनों को दस दस लाख मुआवजा देने एवं घटना की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। भाकपा के जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा धर्म के अनुयायियों का बचाव भी नहीं कर सकती है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य उमाकांत सिंह एवं सहायक जिला मंत्री मुकुंद प्रसाद यादव, अंचल मंत्री मोती प्रसाद सिंह, बालकिशोर यादव, रमेश कुमार शर्मा, वीरेंद्र मेहता, अंबिका मंडल ने इस दर्दनाक घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन की व्यवस्था एवं सुरक्षा पर शासन और प्रशासन को पैनी नजर रखना चाहिए। नेताओं ने कहा कि सरकार ढोंगी बाबा को गिरफ्तार करे एवं उसके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई करे, अन्यथा भाकपा आंदोलन तेज करेगी। कार्यक्रम में सिकंदर शर्मा, रणधीर कुमार, रघु शर्मा, उदय कुमार, विजय यादव, सरोज मुखिया, बेचन राम, परवेज आलम आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जीएनएसयू में शुरू हुआ पीएचडी का चौथा बैच

रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट उपाधि कार्यक्रम हेतु नए बैच 2024 -25 का शुभारंभ हो गया है जिसमे वाणिज्य, फामेर्सी, विधि, नर्सिंग, मास कम्युनिकेशन, सूचना प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन विभागों से 26 शोधकर्ता पंजीकृत हुए हैं। सभी शोधकर्ता यूजीसी द्वारा प्रदत्त पीएचडी उपाधि हेतु गाइडलाइंस के अनुरूप अध्ययन हेतु आ चुके हैं।
एक विशेष दीक्षारंभ कार्यक्रम में कुलपति प्रो एमके सिंह, प्रतिकुलपति प्रो जगदीश सिंह, कुलसचिव प्रो अभिषेक कमेंदु, परीक्षा नियंत्रक प्रो कुमार आलोक प्रताप तथा एकेडमिक डायरेक्टर सुदीप सिंह ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज आगे तभी बढ़ सकता है जब शोधकर्ता सामाजिक समस्याओं के लिए हल निकालें।
इस अवसर पर समस्त डीन, विभागाध्यक्ष समेत अध्यापकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीएचडी समन्वयक प्रो आलोक कुमार ने किया। ज्ञात हो कि विश्व विद्यालय की प्रथम पीएचडी उपाधि अगले वर्ष मार्च अप्रैल तक अपेक्षित है।

### रेड रन मैराथन का हुआ आयोजन

छपरा कार्यालय।स्थानीय राजेंद्र कॉलेज में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में महाविद्यालय में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निदेशानुसार एड्स, एचआईवी संक्रमण एवं उससे संबंधित जागरूकता हेतु मैराथन रेड रन 2024 का आयोजन किया गया।इसमें विविध संकायों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस क्रम में लड़को में से प्रथम पांच एवम लड़कियों में से प्रथम पांच को जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया। यह रेड रन मैराथन 5 किलोमीटर का था, जिसमे 17 से 25 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने किया और अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्रों से कहा कि इस प्रतियोगिता के मूल में आप सभी छात्र छात्राओं को एचआईवी एड्स के प्रति जानकारी सहित उचित यौन व्यवहारों से अवगत कराते हुए एक सजग नागरिक निर्माण हेतु यह कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। एचआईवी एड्स के प्रति जानकारी, यौन व्यवहार की जिम्मेदारी, मादक द्रव्य के परित्याग के प्रति जागरूकता आदि जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर यह कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में रेड रिबन के नोडल पदाधिकारी डॉ देवेश रंजन ने कहा कि चयनित छात्र जिला स्तर पर प्रतिभाग करेंगे और जिला स्तर पर चयनित छात्र राज्य स्तर पर जाएँगे । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. जया कुमारी पांडेय, डॉ. अनुपम कुमार सिंह, डॉ. कन्हैया प्रसाद, प्रो. एन पी वर्मा, हरिहर मोहन, विश्वविजय, मनोज, सचिन सहित कई विद्यार्थी उपस्थित थे ।

### मुसेपुर मे 9 दिवसीय शिव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जलभरी

डोरीगंजः सदर प्रखण्ड के मुसेपुर कंशदियर स्थित नवनिर्मित शिव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जलभरी की गयी । इस अवसर पर सैकरों की संख्या मे श्रधालुओं श्री श्री 1008 श्री कृष्ण गिरि अर्फ नागा बाबा के नेतृत्व मे बैंड बाजे , हाथी - घोड़ा एवं झांकी के साथ गंगा नदी मे वैदिक मंत्रोचारण के बीच गंगा नदी मे जलभरी की गयी ।
इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक श्री श्री 1008 कृष्ण गिरि उर्फ नागा बाबा ने बताया कि 6 जुलाई को जलभरी , 7 जुलाई को गणेश पुजन एवं देवता आह्वान , 8 जुलाई को मंडप पुजन , 9 जुलाई को आनि स्थापन नवग्रह आह्वान , 10 जुलाई को जलाधिवास , 11 जुलाई को नगर भ्रमण , 12 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा , 13 जुलाई को अखण्ड अष्टयाम एवं 14 जुलाई को पुणाहुति एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है साथ ही प्रत्येक दिन बनारस एवं अयोध्या से पधारे पुज्य संत महात्माओं द्वारा प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।

### चोरी व छिनतई की 10 मोबाइल के साथ दुकानदार गिरफ्तार

भेल्दी( सारण ) ।चोरी व छिनतई की 10 मोबाइल के साथ भेल्दी पुलिस ने एक मोबाइल दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया।पकड़ा गया मोबाइल दुकानदार हरिशंकर महतो भेल्दी थाने के सोनहो गांव के रामचन्द्र महतो का पुत्र बताया जाता है।। मिली जानकारी के मुताबिक भेल्दी थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भेल्दी थाने के सोनहो बाजार में हरिशंकर मोबाइल दुकान में चोरी व छिनतई की मोबाइल की खरीद-बिक्री होती है ।बस क्या था पुलिस ने दुकान पर छापेमारी की तो पुछ-ताछ के दौरान दुकानदार हरिशंकर महतो ने स्वीकार किया कि उसके दुकान में सभी मोबाइल चोरी व छिनतई के है जिसे वह कम दामों में खरीदकर मुनाफा कर बेच देता है ।पुलिस ने उसके दुकान से दस मोबाइल को जप्त कर उसे पुछ-ताछ के बाद छपरा मंडल कारा भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक

## अस्पतालों में प्रसव के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को सी- सेक्शन के तहत सावधानी पूर्वक प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाए: जिलाधिकारी

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में शत प्रतिशत लागू करने और उसका सतत निगरानी और अनुश्रवण करने से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में जिलाधिकारी अमन समीर के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमन समीर, उपविकास आयुक्त, सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, डीआईओ डॉ चंदेश्वर सिंह, डीवीडीसीओ डॉ दिलीप कुमार, सीडीओ डॉ आरपी सिंह, एनसीडीओ डॉ भूपेंद्र कुमार, आईसीडीएस की डीपीओ कुमारी अनुपमा, डीपीएम अरविंद कुमार, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, डब्ल्यूएचओ डॉ रंजितेश, यूनिसेफ आरती त्रिपाठी, पीरामल स्वास्थ्य के हरि शंकर कुमार, यूएनडीपी रजनीश और सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी के अलावा जिले के सभी एमओआईसी, एचएम, बीएचएम, बीसीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।
समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी अमन समीर ने अधिकारियों से गहनतापूर्वक चर्चा के बाद प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के दौरान गर्भवती महिलाओं को चार तरह की जांच के साथ ही आयरन की गोली खाने को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। क्योंकि जब तक गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच ठीक से नहीं होगी तब तक प्रसव के दौरान जच्चा व बच्चा सुरक्षित नहीं रह सकता है। जिससे प्रसव के दौरान मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शून्य किया जा सकता है। इसके लिए आरोग्य दिवस के दिन अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा सिविल सर्जन और संबंधित अधिकारियों से जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल और अनुमंडलीय अस्पताल में प्रसव के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को सी- सेक्शन के तहत सावधानी पूर्वक प्रसव कराए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। क्योंकि प्रसव पूर्व जांच के दौरान ही गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया जाता है। ताकि प्रसव के दौरान किसी तरह की परेशानी नही हो। वहीं जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रोगी कल्याण समिति का पुनर्गठन, प्रतिदिन उपस्थिति के लिए एफआरएएस और भव्या एप्प को शत प्रतिशत पूरा कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।
जिलाधिकारी द्वारा प्रसव पूर्व जांच में प्रथम और चौथे का प्रतिशत बढ़ाने, सरकारी अस्पतालों में अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराने, परिवार नियोजन में पुरुष और महिला नसबंदी को बढ़ावा देने के साथ ही अस्थाई साधनों में पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी, अंतरा को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। क्योंकि आगामी 11 से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसको लेकर उसके पहले प्रतिदिन प्रत्येक कार्यक्रम को अलग अलग थीम के तहत पंचायती राज के जनप्रतिनिधि, जीविका के अधिकारी और कर्मियों का सहयोग लिया जाएगा।
प्रसव पूर्व जाँच में 9 प्रखंडों में उपलब्धि 90 प्रतिशत से कम दर्ज किया गया है। इन सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को इसके लिये जिम्मेदारी का निर्धारण कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।
सभी ए एन एम के कार्यों का संबंधित पैरामीटर के आधार पर मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया ।लगातर खराब प्रदर्शन करने वाली एन एन एम के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सरकार और विभागीय स्तर पर मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाओं को शत प्रतिशत उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसे अनिवार्य रूप से हमलोगों को अपने जीवन में अपनी ओर से ।प्राथमिकताओं में शामिल करना होगा। क्योंकि सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग स्थानीय स्तर पर क्षेत्र की जनता का ख्याल करते हुए हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसके लिए बेहतरीन चिकित्सीय सुविधाओं के साथ-साथ व्यवस्था प्रदान करने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों में प्रसव के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को सी- सेक्शन के तहत सावधानी पूर्वक प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिला और अनुमंडलीय अस्पताल में सभी प्रकार की जांच यथा - एक्सरे, अल्ट्रा साउंड, रक्त जांच शत प्रतिशत होना चाहिए। इसके अलावा गुणवत्ता पूर्ण सुविधाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक कदम उठाकर सुदृढ़ किया जाए। ताकि अंतिम पायदान पर रहने वालों को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिल सकें। जीरो डोज टीकाकरण अभियान को शत प्रतिशत सफलता के लिए जिला टास्क फोर्स का गठन से संबंधित विस्तृत जानकारी ली गई। वहीं डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारी से बचाव और सुरक्षित रहने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति कोव लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने सोनपुर, मढ़ौरा, बनियापुर और दरियापुर प्रखंडों में संचालित निजी नर्सिंग होम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जांच करने के बाद उसकी जांच रिपोर्ट अविलंब उपलब्ध कराया जाए। इसी तरह अन्य प्रखंडों में भी निजी क्लीनिकों की जांच आने वाले महीनों में कराई जायेगी।
प्रसव पूर्व जांच और प्रसव से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियों को उपलब्ध कराते हुए उसमें तेजी लाने के लिए अलग से चर्चा की गई। जबकि मौसमी बीमारी में जल जनित रोग से बचाव को लेकर शत प्रतिशत दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और बाढ़ पूर्व तैयारी के अलावा डेंगू, चिकन गुनिया, मलेरिया और कालाजार बीमारी से बचाव और सुरक्षित रहने के लिए ठोस कदम उठाए जाने पर चर्चा किया।
सभी एमओआईसी को माह की 10 तारीख तक दवाओं का ऑनलाइन इंडेंट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।इसके लिये फार्मासिस्ट महीने की 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से इंडेंट तैयार करेंगे। सभी अस्पतालों में रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया है। इसकी बैठक नियमित निर्धारित अन्तराल पर सुनिश्चित करने को कहा गया।
जिले में विभिन्न हादसों के बाद जख्मी व्यक्ति के इंज्यूरी रिपोर्ट को ससमय एवं वास्तविकता के आधार पर तैयार करने का निदेश दिया गया।इंजुरी रिपोर्ट को उसी दिन संबंधित थाना/पुलिस अधीक्षक कार्यालय को ईमेल के माध्यम से भेजने को कहा गया। इसकी दैनिक मोनिटरिंग के लिए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक और जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम को जिम्मेदारी दी गई। जबकि प्रखंड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को इसकी जिम्मेवारी दी गई। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का निगरानी और अनुश्रवण डीआईओ और डैम को करने के लिए नामित किया गया है।

### पुलिस ने बरामद किया अधेड़ दंपति का शव, जांच में जुटी पुलिस

रिविलगंज। छपरा-बलिया रेल खण्ड के रिविलगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पड़े एक अधेड़ दंपत्ति का शव पुलिस ने शनिवार की सुबह बरामद किया। मृतक की जलालपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया कला गाँव के राजेश्वर प्रसाद (60) वर्ष एवं लालमुनी देवी (55) वर्ष थे। दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। सुत्रों से मिले जानकारी के मुताबिक आपसी कलह से तंग दंपत्ति द्वारा विषपान कर आत्महत्या कर लेने की बात सामने आ रही है। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार चार दिन से दम्पति स्टेशन के आसपास ही देखे जा रहे थे। शनिवार को सुबह रिविलगंज रेलवे स्टेशन के पश्चिम प्लेटफार्म पर संदेहहास्यास्पद मौत हो गया। सुचना के बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस ने मृत दंपति की पहचान एवं परिजनों की तलाश में लग गयी। वही घटना के सुचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मृत दंपति के परिजनों ने शवों की पहचान की। परिजनों द्वारा दंपति को गत चार दिनों से घर से गायब थे होने की बात बतायी जा रही थी। परिजनों के अनुसार गाय के मरने के बाद गंगा सेवन करने के उद्देश्य से वहाँ पहुंचने, बैंक से लिये गये कर्ज का दबाव तथा अन्य अन्य कारण बताया जा रहा है। लेकिन घर से निकलने का सही वजह एवं मौत के कारण का सही पता फिलहाल नहीं चल रहा है। पति- पत्नी की संदेहास्पद मौत के बाद तरह तरह के बातें हवा में तैर रही है। घटना के पीछे कारण की सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं पुलिस अनुसंधान के बाद ही चल सकेगा।

# चार वर्षीय स्नातक कोर्स में प्रथम सूची के अभ्यर्थियों के नामांकन की तिथि 8 जुलाई तक किया गया विस्तारित

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 4 वर्षीय स्नातक सीबीसीएस पाठ्यक्रम (सत्र- 2024-28) के प्रथम सूची में शामिल अभ्यर्थियों के नामांकन की तिथि विस्तारित कर दी गई है। प्रथम सूची में शामिल अभ्यर्थियों के नामांकन की अंतिम तिथि 5 जुलाई 2024 थी जिसे विस्तारित कर 8 जुलाई 2024 कर दिया गया है। छात्रहित में कुलपति प्रो.परमेंद्र कुमार बाजपेई द्वारा प्रथम सूची में शामिल आवेदकों के नामांकन की प्रक्रिया को 8 जुलाई 2024 तक विस्तारित करने का निर्देश दिया गया है। विदित हो कि कई प्राचार्यों और सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं द्वारा नामांकन की तिथि को विस्तारित करने का लगातार अनुरोध किया जा रहा था चूंकि कई बार नेटवर्क की समस्या या फिर कुछ अन्य कारणों से सूची में शामिल इन क्षेत्रों के छात्र-छात्रा अंतिम तिथि तक नामांकन कराने से वंचित रह गए। इसपर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए माननीय कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई द्वारा छात्रहित में उन छात्र-छात्राओं को एक और मौका देते हुए इन अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया 8 जुलाई तक जारी रखने का निर्देश दिया गया है।इसे लेकर प्रभारी अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. उदयशंकर ओझा द्वारा विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र के सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्यों को पत्र भेजकर एतत्संबंधी दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है।

# कश्मीर सहित सम्पूर्ण भारत को सशक्त बनाने में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका : रणजीत कुमार सिंह

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के संस्थाप व प्रेरणा स्त्रोत श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124 वीं जयंती उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके मनाई गई। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन कार्यकताओं के लिए आज भी प्रेरणादायक है,उन्होंने संपूर्ण जीवन एक देश एक विधान एक निशान एवं संपूर्ण भारत को एकत्रित करने में एवं कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है एवं कश्मीर के लिए अपने प्राणों के आहुति दी आज ऐसे महापुरुष की जयंती पर उनको याद करते हुए हम सभी भाजपा कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री शैलेंद्र सेंगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इनका पूरा जीवन आज भी भारत की युवाओं के लिए प्रेरणादायक एवं कश्मीर के लिए इनका योगदान




भारत की इतिहास में अमर है। उन्होंने ने कहा कि देश के लिए अपना मंत्री पद को त्याग कर दिया। उनके सपनों को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पुरा कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दिए। आज के जयंती पर महापुरुष श्याम प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन एवं पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर,जिला मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह,मनोज सिंह,पिन्टु जी, बलराम जी,नगर संयोजक अनिल यादव,नगर महामंत्री अनूप यादव, जिला महामंत्री एस सी मोर्चा शत्रुघ्न चौधरी,नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा मनिष मिश्रा,विक्की श्रीवास्तव, सुनील कुमार, रमण कुमार के साथ-साथ काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आईआरएस छिड़काव कार्य का हो रहा गहन निरीक्षण



मोतिहारी। जिले के 23 प्रखंडों में कालाजार उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे आईआरएस छिड़काव कार्य की निगरानी जिला स्तर पर की जा रही है। जिले के भीडीसीओ गौतम कुमार ने बताया कि 1 लाख 83 हजार घरों में छिड़काव होना है। उन्होंने बताया कि सदर प्रखंड के बसमनपुर वार्ड नंबर 13, 14, 15 में टीम द्वारा कालाजार छिड़काव कार्य किया जा रहा है। जिले के डीबीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि जिले के घोड़ासहन, रामगढ़वा अरेराज, पताही प्रखंड को छोडकर बाकी सभी प्रखंड के चयनित स्थान पर छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष में दो बार कालाजार के नियंत्रणार्थ सिंथेटिक पाइरेथ्रोइड छिड़काव कार्यकम संचालित होता है।
- कालाजार होने पर मरीजो को श्रम क्षतिपूर्ति के तहत कुल 7100 रुपए प्राप्त होते है
डीभीबीडीसीओ डॉ. शर्मा ने बताया कि कालाजार बालू मक्खी के काटने से होता है। बालू मक्खी अधिकतर महादलित बस्तियों, गौशालाओं एवं झुग्गी-झोपड़ियों में मिलने की संभावना ज्यादा रहती है। यदि किसी व्यक्ति को दो हफ्ते से ज्यादा से बुखार, तिल्ली और जिगर बढ़ना, भूख न लगना, कमजोरी तथा वजन में कमी हो तो यह कालाजार का लक्षण हो सकता है। उन्होंने बताया कि कालाजार होने पर मरीजों को श्रम क्षतिपूर्ति के तहत कुल 7100 रुपए खाते में दिए जाते हैं। इसमें केंद्र सरकार से 500 रुपए तथा राज्य सरकार से 6600 रुपए की राशि दी जाती है।

# गरखा बाजार स्थित गंडकी नदी पर बने डायवर्सन पानी के तेज बहाव मे हुआ क्षतिग्रस्त,आवागमन बाधित

प्रात: किरण, संवाददाता



गड़खा। गड़खा बाजार रेवा रोड धर्मशाला के समीप गंडकी नदी पर चल रहे पुल निर्माण के चलते बगल मे लोगो को आने जाने के लिए डायवर्सन बनाया गया गया था। जिससे सिर्फ लोग पैदल और बाइक से आते जाते थे जो शनिवार को वर्षा के पानी का तेज बहाव मे डायवर्सन का बीच से कटाव हो गया। जिससे लोगो का आवागमन बाधित हो गया ।बताते चले की इस गंडकी नदी पर अग्रेजी काल मे पुल का निर्माण कराया गया था, जो बहुत पुराना और जर्जर हो गया थो जिसे सरकार द्वारा नए पुल निर्माण कराने की पहल किया गया है। पुल निर्माण को लेकर टेंडर हुआ पिछले दो तीन माह पहले पुल निर्माण के लिए पुराने पुल को तोड़ा गया और लोगो को पैदल चलने के लिए बगल मे एक डायवर्सन बनाया गया था। जिस पर आम लोग बाइक और साइकिल सिर्फ आता जाता था। शनिवार को यह डायवर्सन वर्षा के तेज पानी बहाव मे कट गया है। इसी डायवर्सन से लोग गड़खा बाजार की ओर से ब्लॉक थाना अस्पताल आदि जाते थे। अब लोगो को दो तीन किलोमीटर की दुरी तय कर आने जाने पर काफी कठिनाईयो का सामना करना पर सकता है ।इसको लेकर अशोक कुमार गुप्ता राज कपूर सिंह, पवन कुमार सिंह, आलोक कुमार, बंटी सिंह, भूपेन्द्र सिंह जयंत कुमार आदि ग्रामीणों ने डीएम को आवेदन देकर डायवर्सन के कार्य में भ्रष्टाचार बढ़ोतरी में का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई ।जैसे ही इस डायवर्सन की कटने की सुचना मिली गरखा बिडियो सीओ उक्त स्थल पर पहुच मुआयना किया बीडीओ रत्नेश रवि ने बताया की गरखा बाजार मे अवस्थित एक पुल कई माह से टुटा हुआ है। जिसको लेकर एक डायवर्सन बनाया गया है ।गंडकी नदी मे जलस्तर बढने से डायवर्सन पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है ।जिसको लेकर जनप्रतिनिधि आदि लोगो के साथ बैठक की गई ।जिसमे पुल निर्माण तक एक अन्य डायवर्सन बनाने की अनुरोध किया जाए। जिससे पुल निर्माण तक लोगो के आने जाने मे सुविधा हो साथ ही कहा की पुल निर्माण के कार्यपालक अभियंता से संपर्क साधा गया लेकिन उनसे बाते नही हो सकी है। इसकी सुचना जिलाधिकारी को दे दी गई है ।स्थानीय सांसद से भी बाते हुई है एक दो दिनो मे एक डायवर्सन बना दिया जाएगा जिससे लोगो को आने जाने मे सुविधा हो जाएगी।

### महराजगंज के प्रथम पूर्व सांसद महेंद्र नाथ सिंह के पौत्र पंकज कुमार जदयू में हुए शामिल

छपरा कार्यालय। जदयू जिला कार्यालय छपरा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आस्था रखते हुए जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू के समक्ष सिताब दियारा रिवीलगंज निवासी पंकज कुमार सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया श्री आलम ने कहा की पंकज सिंह महराजगंज के प्रथम पूर्व सांसद महेंद्र नाथ सिंह के पौत्र है इन्हे पार्टी से जुड़ने से पार्टी को मजबूती मिलेगी शांत एवं मिलनसार स्वभाव के धनी व्यक्ति है मौके पर प्रोषतम सिंह गुड्डा , मोङ्क फिरोज,प्रभास शंकर,सुधाकर भारद्वाज,राकेश भारती,रमेश किशन कुशवाहा,दीपक सिंह ,रविंदर पांडे,संजीव सिंह,रेयाजुलहक,सुनील गुप्ता ,राशिद आदि उपस्थित थे।

# 110 पात्र लाभुकों के लिए बैटरी चालित ट्राई साइकिल की मिली स्वीकृति

प्रात: किरण, संवाददाता

मोतिहारी। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना अंतर्गत 110 पात्र लाभुको के लिए बैटरी चालित ट्राई साइकिल की दी गई स्वीकृति। समाज कल्याण विभाग के वेवसाईट पर प्राप्त कुल 143 ऑनलाइन आवेदनो की स्क्रीनिंग जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा की गई। इस प्रकिया में प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर लाभुकों का चयन किया गया। सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा कमिटि के सभी सदस्यों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल की पात्रता के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही सभी आवेदनों का जाँच प्रतिवेदन को अवलोकन के लिए कमिटि के सदस्यों के समक्ष स्वीकृति अथवा अस्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया, जो संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से प्राप्त है। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा अवलोकन के पश्चात सभी आवेदनो पर निर्णय लेते हुए पात्रता पूर्ण 110 आवेदन को स्वीकृत करने के लिए निर्णय लिया गया तथा पात्रता पूर्ण नही हो रहे 33 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा यह निदेश दिया गया कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदनो को लगातार स्क्रीनिंग कराकर लाभुको को सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना का लाभ लगातार पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें तथा साथ ही प्रखंड परिसर में रखे हुए सभी ट्राइसाइकिल, सहायक यंत्र के वितरण का निदेश दिया गया। इस अवसर पर कमिटि के सदस्य यथा सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण उपस्थित थे।

# रोहतास में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने निकाला विरोध मार्च

रोहतास जिले के सासाराम में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के द्वारा विरोध मार्च निकाला गया। साथ ही पोस्ट ऑफिस चौराहा पर इन लोगों ने अपने मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इन लोगों का कहना है कि सन 1954 में रोहतास जिला के तिलौथू स्टेट के जमींदार राधा प्रसाद सिन्हा ने 62 एकड़ 50 डिसमिल जमीन विनोवा भावे के भूदान आंदोलन में दान कर दिया था। लेकिन अब उस जमीन को भूमि माफिया औने पौने दाम पर खरीद बिक्री कर रहे हैं। अब उसे जमीन को वे लोग चाहते हैं कि सरकार भूमिहीनों में बांट दें। बता दे की 62 एकड़ में से 29 एकड़ पर पयहरी बाबा का आश्रम है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि उसके अलावे बचे हुए 33 एकड़ 50 डिसमिल जमीन को गरीबों के बीच बांटने की जरूरत है। इसको लेकर 20 जून को तिलौथू में जब प्रदर्शन किया जा रहा था। तो दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। किसान मजदूर सभा के जिला सचिव अयोध्या राम ने बताया कि उनके कई कार्यकताओं को चोट लगी थी। इसके खिलाफ तिलौथू थाना में केस दर्ज किया गया था। उसमें अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही तिलौथू के अंचल अधिकारी द्वारा किसान मजदूर सभा के कार्यकताओं को झूठे मुकदमे में फसाया गया है। जिस मुकदमा को वापस लेने की भी वे लोग संवैधानिक तरीके से मांग करते हैं।

# वर्ग एक से आठ तक के बच्चों के बीच अभिभावकों की उपस्थिति में पाठ्य सामग्री एवं किट वितरण

प्रात: किरण, संवाददाता




गड़खा। शैक्षणिक सत्र 2024/25 के लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने वर्ग एक से आठ के सभी बच्चों के लिए कॉपी, एफ एल एन किट बीआरसी के माध्यम से विद्यालयों को उपलब्ध कराया है ।फर्स्ट फेज में वर्ग एक से पांच के बच्चों को बैग, बोतल तीन - तीन कॉपिया, एफ एल एन किट का वितरण अभिभावकों की उपस्थिति में किया गया। शिक्षा विभाग के द्वारा अभिभावक / शिक्षक बैठक पीटीएम के आयोजन का भी निर्देश दिया था । अभिभावकों से प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पाठक ने अपील किया कि आप अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेंजे ।अपने -अपने बच्चों का आधार,बैंक खाता विद्यालय को उपलब्ध कराएं. स्कूल ड्रेस में हीं बच्चे को विद्यालय भेंजे। विभाग द्वारा निःशुल्क पाठय पुस्तक एवं अन्य सामग्रियों के साथ विद्यालय में भेंजे ।साथ हीं शिक्षक/ शिक्षिकाओं द्वारा जो गृहकार्य विद्यालय में दिए जाते हैं उनका अवलोकन करें ।पहली कक्षा की रीतिका कुमारी बैग एवं कॉपी लेकर फुले नहीं समा रही थी, जबकि कक्षा दो की मधु कुमारी बार- बार उत्साहित हो रही थी। वर्ग तीन का विराट कुमार अपनी मम्मी को प्राप्त सामग्री दिखाकर खुशी का इजहार कर रहा था.वर्ग चार की रौशनी कुमारी तो सामग्री मिलते हीं झूमने लगी जबकि वर्ग पांच के कुलदीप कुमार के पिताजी अपने बेटे से प्राप्त सामग्री को लेकर बार बार मुस्कुराते हुए निहार रहे थे.इस मोके पर बी आर सी गड़खा , समग्र शिक्षा सारण के कर्मी उपस्थित रहे जबकि विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव अन्य सदस्य गण, किशोरी राय, शिला राय, रणधीर साह, सत्येन्दर मांझी, ललन भारती एवं विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिका मौजूद थे। शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराया गया है उसे बच्चों को रोज विद्यालय लेकर आने के लिए प्रेरित करें साथ हीं शिक्षक/ शिक्षिकाओं द्वारा जो गृहकार्य विद्यालय में दिए जाते हैं उनका अवलोकन करें ।पहली कक्षा की रीतिका कुमारी बैग एवं कॉपी लेकर फुले नहीं समा रही थी, जबकि कक्षा दो की मधु कुमारी बार- बार उत्साहित हो रही थी। वर्ग तीन का विराट कुमार अपनी मम्मी को प्राप्त सामग्री दिखाकर खुशी का इजहार कर रहा था.वर्ग चार की रौशनी कुमारी तो सामग्री मिलते हीं झूमने लगी जबकि वर्ग पांच के कुलदीप कुमार के पिताजी अपने बेटे से प्राप्त सामग्री को लेकर बार बार मुस्कुराते हुए निहार रहे थे.इस मोके पर बी आर सी गड़खा , समग्र शिक्षा सारण के कर्मी उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने नव चयनित आईपीएस रानू गुप्ता को किया सम्मानित

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। शुक्रवार को भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल द्वारा रक्सौल निवासी रानू गुप्ता को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता का परचम लहरा आईपीएस चयनित हो सीमाई शहर रक्सौल का नाम रोशन करने पर कस्टम रोड स्थित उनके आवास पर उन्हें पुष्पमाला पहना कर दोशाला ओढ़ाकर , प्रशस्ति -पत्र देकर ,परिषद की पुस्तक ह्लभारत को जानो ह्ल भेंटकर एवं मुँह मीठाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित रानू गुप्ता के पिता संजय गुप्ता एवं माताजी को भी पुष्पमाला देकर कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बधाई देते हुए कहा कि संघ लोक सेवा आयोग की सबसे कठिन एवं प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल रानू गुप्ता को रक्सौल के इतिहास में प्रथम आईपीएस बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जो न केवल हम सबको गौरवान्वित करने वाला है बल्कि राष्ट्रीय फलक पर



भी रक्सौल का नाम रौशन हुआ है। द्वय पदाधिकारियों ने यह भी भरोसा जताया कि निकट भविष्य में रानू गुप्ता की उपलब्धि से प्रेरित होकर रक्सौल शहर के अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भी संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अपनी किस्मत आजमा कर सफलता का परचम निश्चित ही लहरायेंगे। वहीं परिषद के वित्त सचिव सीताराम गोयल ने शुभकामनाएं देते हुए इस बात को रेखांकित किया कि पदास्थापित होने के बाद वे पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से लोकदायित्वों का निर्वहण करेंगे। परिषद द्वारा मिले सम्मान से अभिभूत होकर रानू गुप्ता ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि वे पूरे अनुशासन ,निष्ठा ,ईमानदारी एवं पूर्ण मनोयोग से लोकदायित्वों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र एवं समाज की सेवा तथा जनता में पुलिस का विश्वास बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस मौके पर परिषद के संगठन सचिव सुनील कुमार के सवाल पर रानू गुप्ता ने अपने पूरे एकेडमिक कैरियर से लेकर एवं आईपीएस बनने के सफर के बारे मे. विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सीताराम गोयल, सुनील कुमार, द्वारिका सर्राफ, अजय कुमार, अरविन्द जायसवाल, दिनेश प्रसाद, सुरेश धानोठिया, गोपाल सर्राफ, विनोद कुमार एवं संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे ।
इसकी जानकारी परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 07 जुलाई, 2024





# आयुष्मान को पसंद नहीं मेरी लिखी किताबें

**आयुष्मान खुराना हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी हर फिल्मों को दर्शकों से काफी सराहना मिलती है। एक के बाद एक सफल फिल्में दे कर उन्होंने अपने लिए एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। उनकी फिल्मों की एक विशेष शैली होती है। इसके साथ ही उनकी हर फिल्मों में समाज के लिए कोई ना कोई संदेश भी छिपा होता है। अभिनेता के इस कार्य को उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने बढ़ावा दिया है। ताहिरा के निर्देशन में बनी फिल्म शर्माजी की बेटी हाल में ही प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में भी उन्होंने महिला सशक्तिकरण की बात की है। अब ताहिरा ने आयुष्मान को लेकर एक नया खुलासा किया है।**

ताहिरा कश्यप की फिल्म शर्माजी की बेटी को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है। उनकी इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर काफी सराहना भी की जा रही है। इस बीच एक इंटरव्यू के दौरान ताहिरा ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वह अपने पति के साथ सिनेमा पर चर्चा करती हैं, लेकिन आयुष्मान को उनके द्वारा लिखी किताबें पसंद नहीं आती हैं। इस दौरान ताहिरा ने साफ किया कि फिर भी दोनों हमेशा एक दूसरे के काम का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच व्यक्तिगत विचारों को लेकर परस्पर समझ है, जो वास्तव में उनके रिश्ते में काफी मदद करता है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए ताहिरा ने कहा कि उन्होंने दो किताबें लिखी हैं, द सिन्स ऑफ बीइंग ए मदर और द 12 कमांडमेंट्स ऑफ बीइंग ए वूमन। अपने लेखन पर आयुष्मान की प्रतिक्रिया साझा करते हुए, उन्होंने कहा, कभी-कभी वह मेरे द्वारा लिखे गए लेख को ईश्वर की निंदा मानते हैं। वह मेरी लिखी किताबों से बहुत खुश नहीं थे, लेकिन वे सबसे अच्छी थीं और काफी चली भी थीं। हालांकि मैंने हमेशा वही लिखा जो मुझे लिखना था। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह आयुष्मान की सभी फिल्मों की स्क्रिप्ट पढ़ती हैं, क्योंकि उन्हें पढ़ना काफी पसंद है।



# रश्मिका मंदाना ने किया कुबेर में अपने किरदार का खुलासा

रश्मिका मंदाना जल्द ही धनुष के साथ कुबेर में नजर आएंगी। उत्साह को बनाए रखने के लिए मेकर्स लगातार कई अपडेट जारी कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने रश्मिका के लुक से प्रशंसकों को रूबरू कराया और आज अभिनेत्री ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने किरदार का खुलासा किया। प्रशंसकों ने इस पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे लोहे की रॉड के साथ जंगल में घूमती नजर आ रही हैं। वे जमीन खोद रही हैं और एक सूटकेस निकाल रही हैं। यह पैसों से भरा है और रश्मिका इसे देखकर बहुत खुश हैं। अगले सीन में वह सूटकेस को घसीटती नजर आ रही हैं। वीडियो शेयर होते ही फैन्स ने दिल वाले इमोजी शेयर किए। फिल्म के इस दृश्य को देखकर लगता है, कि रश्मिका इन पैसों किसी से छिपाने की कोशिश कर रही हैं। इस वीडियो ने रहस्य को बढ़ा दिया है और अब दर्शकों के बीच उत्साह भी जबर्दस्त नजर आ रहा है। वहीं धनुष के किरदार की बात करें तो कुबेर में धनुष एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक बेघर व्यक्ति के रूप में शुरू होता है, लेकिन अंततः एक शक्तिशाली माफिया सरगना बन जाता है। रश्मिका और धनुष के साथ, फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन और जिम सर्भ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

धनुष और रश्मिका मंदाना मुंबई में अपनी आने वाली फिल्म कुबेर की शूटिंग कर रहे हैं। हाल ही में दोनों का अपने-अपने कॉस्ट्यूम में शूटिंग स्थल की ओर जाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पैक-अप शॉट भी साझा किया था। कुबेर एक अखिल भारतीय फिल्म है जिसमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा सकते हैं।



# बिकास मिश्रा की फिल्म 'बयान' में लीड किरदार करती नजर आएंगी हुमा कुरैशी

अपनी पहली ही फिल्म 'चौरंगा' से समीक्षकों और दर्शकों की नजरों में छाए लेखक-निर्देशक बिकास मिश्रा की मेहनत रंग ला रही है। उनकी अगली फिल्म 'बयान' को अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक कंपनी का साथ मिल गया है। फिल्म के लिए हुमा कुरैशी पहले ही हां कर चुकी हैं। उनके अलावा फिल्म में दो दिग्गज कलाकार और होंगे। जानकारी के मुताबिक बिकास मिश्रा की अगली फिल्म 'बयान' नाम से बनने जा रही है। इस फिल्म को लेकर बिकास काफी दिनों से मेहनत करते रहे हैं और अब तक जिन लोगों ने भी फिल्म की कहानी सुनी है, सबने इसे एक बेहतरीन पटकथा बताया है। बिकास की इस कहानी को फिल्म निर्माता शिलादित्य बोरा का साथ मिला है। इस फिल्म को विकसित करने में हॉलीवुड की फिल्म इंडिपेंटेड का खासा साथ रहा है। फिल्म 'बयान' की कहानी में दमदार अभिनेत्री हुमा कुरैशी लीड किरदार करती नजर आएंगी। उनका साथ देने के लिए फिल्म में अभिनेता चंद्रचूड सिंह हैं और इन दिनों साउथ सिनेमा में अपना खूब जलवा बिखेर रहे अभिनेता सचिन खेडेकर भी इस फिल्म के एक खास किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग इसी महीने से राजस्थान में शुरू हो रही है।

इस फिल्म की कहानी राजस्थान के रेगिस्तान की पृष्ठभूमि में है और एक बाप-बेटी के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। जानकारी के मुताबिक रूही नामक एक जासूस को अपनी जिंदगी के पहले केस की छानबीन के लिए राजस्थान के एक छोटे से इलाके में भेजा जाता है। रूही के पिता की अपने पेशे में खासी शोहरत है और ऐसे में रूही पर अपनी विरासत की पहचान बचाए रखने का भी जिम्मा है। फिल्म में रोटरडैम फिल्म फेस्टिवल के हुबर्ट बाल्स फंड ने भी निवेश किया है।

# किल के मुरीद हुए अर्जुन कपूर, फिल्म को बताया- गेम चेंजर

**करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म किल आखिरकार आज रिलीज हो चुकी है, जिसे दर्शक उत्साह के साथ देख रहे हैं। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती हुई दिख रही है। इस बीच बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने लक्ष्य की फिल्म की तारीफ की और इसे गेम चेंजर बताया।**

इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन कपूर ने किल का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- किल के बारे में रिव्यू पढ़ रहा हूं और अद्भुत चीजें सुन रहा हूं। अर्जुन ने आगे लिखा- ऐसा लग रहा है कि यह गेम चेंजर साबित होगी, सुनिश्चित करें कि आप इसे मिस न करें। रिव्यू से अभिभूत करण ने भी फिल्म इंडस्ट्री के साथियों का आभार जताते हुए लिखा- सिखिया और धर्मा की ओर से हमारी फिल्म किल का समर्थन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद।









# कल्कि 2898 एडी 2 में नजर आएंगे विजय देवरकोंडा-दुलकर सलमान

नाग अश्विन के निर्देशन में बनी प्रभास की पौराणिक साइंस फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज छाया हुआ है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई कर रही है। प्रभास की दमदार स्क्रीन उपस्थिति और अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण के दमदार अभिनय ने इस फिल्म को दर्शकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है। फिल्म में विजय देवरकोंडा और दुलकर सलमान ने कैमियो रोल निभाया था। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफलता के साथ ही फिल्म के दूसरे भाग को लेकर दर्शकों में अभी से उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं अब फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन ने फिल्म के अगले भाग के लिए कलाकारों की उपस्थिति के बारे में बात की। कल्कि 2898 एडी 2 में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिकाएं तो होंगी ही, लेकिन क्या विजय देवरकोंडा और दुलकर सलमान भी अगले भाग में नजर आएंगे? इस पर नाग अश्विन ने खुलकर बात की है। हाल ही में दिए साक्षात्कार में नाग अश्विन ने कल्कि 2898 एडी 2 के बारे में बात की। नाग अश्विन से पूछा कि क्या कल्कि 2 में विजय देवरकोंडा और दुलकर सलमान नजर आएंगे। नाग अश्विन ने कहा, मेरा मतलब है कि वे अपनी भूमिका तक ही सीमित हैं। जाहिर है, इसे किसी और रूप में विस्तारित करना संभव है, खासकर दुलकर सलमान के लिए।

# श्रुति हासन ने रजनीकांत स्टारर कुली की शूटिंग की शुरू

एक्ट्रेस श्रुति हासन ने अपनी अपकमिंग फिल्म कुली की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म के जरिए वह पहली बार तमिल मेगास्टार रजनीकांत के साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि श्रुति हासन फिल्म में रजनीकांत की बेटी के रूप में नजर आ सकती हैं। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है, जो कैथी, लियो और विक्रम के लिए जाने जाते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुली में रजनीकांत का अवतार फैंस को उनके काला लुक की याद दिलाएगा। कुली का म्यूजिक और बैकग्राउंड स्कोर अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। मूवी को 2025 में रिलीज करने की योजना है। झ





# दोस्ताना-2 का हिस्सा न होने पर कार्तिक को नहीं अफसोस

**पिछले दिनों कार्तिक आर्यन फिल्म चंदू चैंपियन की वजह से चर्चा में थे। कुछ समय पहले खबर आई थी कि कार्तिक, करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 से अलग हो गए हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया था कि किसी अनबन की वजह से कार्तिक और करण ने अपनी राहें अलग कर लीं। कार्तिक का कहना है कि वे इंडस्ट्री में काम करने आए हैं, दोस्ती करने नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में मिस कम्युनिकेशन होता रहता है। वहीं, डायरेक्टर कबीर खान ने भी फिल्म चंदू चैंपियन की सफलता के बाद हमारे साथ बातचीत की। उन्होंने अनुराग कश्यप के बयान पर अपनी राय दी, जिसमें अनुराग ने कहा था कि आज कल फिल्में नहीं बल्कि प्रोजेक्ट्स बनते हैं।**

**कार्तिक और कबीर, क्या आप दोनों को कभी सेल्फ डाउट हुआ है। अगर हुआ है, तो बाद में खुद को इससे कैसे बाहर निकाला है?**

कबीर कहते हैं- हर किसी के लाइफ में ऐसा पल आता है, जब इंसान सेल्फ डाउट करने लगता है। पर्सनल और प्रोफेशनल, दोनों लाइफ में ऐसा फील करना नॉर्मल बात है। आप खुद के प्रोसेस पर सवाल करने लगते हैं कि आप सही कर रहे हैं या नहीं। लेकिन मेरा मानना है कि इंसान को मेहनत किए जाना चाहिए और खुद की विचारधारा से भ्रमित नहीं होना चाहिए। नतीजतन, आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**कार्तिक, जब अनाउंसमेंट हुई कि आप करण जौहर की फिल्म दोस्ताना 2 का हिस्सा नहीं हैं, तो फैंस को लगा कि आपको साइडलाइन किया गया है। इस पर आप का क्या कहना है?**

इस प्रोजेक्ट से अलग होने पर मुझे बहुत बुरा लगा था। हालांकि ये सब होना बहुत लाजमी है। आपको हमेशा कोशिश करनी चाहिए कि आप से ज्यादा आपका काम लोगों को दिखे। वैसे भी मैं इससे मूव ऑन कर चुका हूं और नए-नए प्रोजेक्ट्स में काम कर रहा हूं। मैं अभी बहुत अच्छी कंडीशन में हूं। मुझे अभी किसी से कोई शिकायत नहीं है। मैं चाहता हूं कि आगे चलकर मेरा किसी के साथ भी मिस कम्युनिकेशन ना हो।

**कबीर, अनुराग कश्यप ने हाल ही में कहा कि लोग फिल्में नहीं प्रोजेक्ट्स बना रहे हैं। एक डायरेक्टर के तौर पर आप का क्या कहना है?**

मैं हमेशा मार्केट में चल रहे ट्रेंड से अलग सोचता हूं। मैं फिल्म बनाने के लिए ऐसी कहानी ढूंढता हूं, जिससे मैं इंस्पायर हो सकूं। मैं उस कहानी को लेकर इतना जुनूनी हो जाऊं कि मुझे लगे यही कहानी लोगों को सुनानी है। फिर मैं ये नहीं सोचता हूं कि अगर इस कहानी पर फिल्म बनी तो किस जॉनर की होगी, ट्रेंड में फिट हो रही है या नहीं हो रही है। किस्मत अच्छी रही है कि ऐसी कहानी पर पैसे लगाने के लिए प्रोड्यूसर्स भी मिल जाते हैं। काम करने के लिए एक्टर्स भी मिल जाते हैं। मेरा मानना भी है कि इसी तरह से फिल्में बननी चाहिए।

**कार्तिक, क्या बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस आपको बहुत ज्यादा इफेक्ट करती है?**

मैं इन चीजों पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देता हूं। अगर ऐसा करूंगा तो अलग-अलग तरह के किरदार करके खुद को एक्सप्लोर नहीं कर पाऊंगा। जब किसी नए प्रोजेक्ट को साइन करता हूं, तब ये नहीं सोचता कि फिल्म कितना कलेक्शन करेगी। मैं बस ये सोचता हूं कि फिल्म से कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं और उस कैरेक्टर से करियर में कितना ग्रोथ होगा, जो मैं करने वाला हूं। यही वजह है कि लोगों ने मुझे अलग-अलग तरह के किरदार में देखा है।




# 23 राज्यों ने 10 साल में स्टांप शुल्क से कमाए 13 लाख करोड़

# मकानों की बिक्री में आया भारी उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्थव्यवस्था में तेजी और कोरोना के बाद बढ़ती मांग से मकानों की बिक्री में भारी उछाल आया है। इससे पिछले 10 वर्षों में 23 राज्यों ने संपत्तियों के पंजीकरण के एवज में 13.7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की स्टांप ड्यूटी वसूली है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2015 से 2019 के बीच 23 राज्यों में स्टांप शुल्क की वार्षिक चक्रवृद्धि दर 10.4 फीसदी रही है। महामारी के बाद वित्त वर्ष 2019 से 2024 के बीच यह दर 12.5 फीसदी रही है। इससे संकेत मिलता है कि कोरोना के बाद मकानों की बिक्री में अच्छा उछाल आया है। 23 राज्यों में से 16 राज्यों में स्टांप ड्यूटी बढ़ी है।

10 वर्षों में स्टांप शुल्क दर में काफी बदलाव आया है। कोरोना के समय कुछ राज्यों ने शुल्क को शून्य कर दिया था। हालांकि, अब यह कोरोना के पहले के स्तर पर वापस आ गया है। लोगों की आय स्तर में वृद्धि और खुद का घर होने की चाहत से मकानों की बिक्री में तेजी आई है। इससे स्टांप शुल्क की वसूली भी बढ़ी है। 5 वर्षों में तेलंगाना, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, ओडीशा और मेघालय में स्टांप शुल्क में कमी आई है।

भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में मजबूत गति से बढ़ने के लिए तैयार है। रियल एस्टेट क्षेत्र से बुनियादी ढांचे को पर्याप्त बढ़ावा देकर इसे और तेज किया जा सकता है। वर्ष 2030 तक रियल एस्टेट क्षेत्र के 83 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है। रियल एस्टेट उद्योग 2047 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में 15 फीसदी से अधिक योगदान कर सकता है। अभी यह सात फीसदी है। महंगी संपत्ति की बिक्री में भी लगातार वृद्धि हुई है, जो बढ़ती आय और दबी हुई मांग का संकेत है।

विदेशी निवेशकों ने जनवरी से जून के दौरान भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में 3.1 अरब डॉलर का निवेश किया है। जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश का करीब 65 फीसदी हिस्सा है। पिछले 10 वर्षों में कई राज्यों ने स्टांप शुल्क बढ़ाया है तो कई ने घटाया है। उत्तर प्रदेश ने सबसे ज्यादा 5.5 फीसदी घटाया है। इस राज्य में पहले स्टांप शुल्क 12.5 फीसदी था जो अब सात फीसदी है।



मध्य प्रदेश ने 8 फीसदी से घटाकर 7.5 फीसदी किया है। हरियाणा ने बढ़ाकर 5 से 7 फीसदी कर दिया है जो पहले 3 से 7 फीसदी था। छत्तीसगढ़ ने 8 से घटाकर पांच फीसदी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरबीआई ने पीएनबी पर लगाया ?

#### 1.31 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसने 'अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) और ऋण और अग्रिम से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 1.31 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने 31 मार्च, 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में वैधानिक निरीक्षण किया। उसके बाद बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था।




नोटिस को लेकर बैंक के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने पाया कि पीएनबी ने सब्सिडी / रिफंड/ रिम्बर्समेंट के माध्यम से सरकार से प्राप्त होने वाली राशि के एवज में दो राज्य सरकार के स्वामित्व वाले निगमों को कार्यशील पूंजी मांग ऋण मंजूर किए। रिजर्व बैंक ने कहा कि साथ ही, सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता इस बैंक के कुछ खातों में व्यावसायिक संबंधों के दौरान प्राप्त ग्राहकों की पहचान और उनके पते से संबंधित रिकॉर्ड को संरक्षित करने में विफल रहे। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह जुर्माना विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई प्रभाव डालना नहीं है।

### बैजूस के पूर्व कर्मचारी भी बकाये वेतन के लिए एनसीएलटी के पास पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नकदी किल्लत का सामना कर रही एडटेक फर्म बैजूस के 62 पूर्व कर्मचारियों ने अपने बकाये वेतन भुगतान नहीं करने पर कंपनी को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण के बेंगलूरु पीठ में दिवालिया कार्यवाही का मामला दायर करने के लिए नोटिस भेजा है।
बैजूस ट्यूशन सेंटर दिल्ली के पूर्व गणित शिक्षक और पूर्व कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले रजत सिंह ने कहा, 'बेंगलूरु की कानूनी फर्म




कैनवास लीगल ने 62 कर्मचारियों की ओर से 2.30 करोड़ रुपए से अधिक का डिमांड नोटिस भेजा है।' डिमांड नोटिस में कर्मचारियों को पिछले साल से बकाया वेतन तुरंत देने की मांग की गई है। कंपनी द्वारा 4 जुलाई को भेजे गए पत्र में कहा गया है, 'हम आपसे अनुरोध करते हैं कि पत्र मिलने के 10 दिनों के भीतर बकाया परिचालन ऋण को बगैर किसी शर्त के पूरा चुकाएं और ऐसा नहीं करने पर हम थिंक ऐंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (बैजूस की मूल कंपनी) के खिलाफ ऋण शोधन अक्षमता समाधान के तहत कार्यवाही शुरू करेंगे।' बैजूस के 1,500 से अधिक नाराज पूर्व कर्मचारी भी अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट हो गए हैं। उनमें से अधिकतर कर्मचारी अपने बकाया राशि के भुगतान के लिए कंपनी को एनसीएलटी के बेंगलूरु पीठ ले जाने की प्रक्रिया में हैं। कर्नाटक के श्रम मंत्री संतोष लाड ने हाल में थिंक ऐंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी।

# 80 के शेयर को खरीदने की लूट

## लगातार लग रहा अपर सर्किट, टाटा और इसरो कंपनी के हैं क्लाइंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की रिकॉर्ड बढ़त के बीच केबल-वायर बनाने वाली दिग्गज कंपनी पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयर भी गुलजार हैं। बीते कुछ दिनों से इस शेयर में लगातार अपर सर्किट लग रहा है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को पैरामाउंट कम्युनिकेशंस के शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और भाव 83 रुपये पर पहुंच गया। बता दें कि इस शेयर ने जनवरी 2024 में 52 हफ्ते के हाई को टच किया था। 23 जनवरी को शेयर की कीमत 116.70 रुपये तक गई थी। जुलाई 2023 में शेयर 34.15 रुपये के निचले स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। बीएसई एनालिटिक्स के अनुसार, पैरामाउंट केबल्स के शेयरों ने पिछले 10 वर्षों में अपने निवेशकों को 2,300 प्रतिशत से अधिक अमीर रिटर्न दिया है।

### शेयरहोल्डिंग पैटर्न

पैरामाउंट कम्युनिकेशंस के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स के पास 49.31 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास 50.69 प्रतिशत स्टेक है। कंपनी के प्रमोटर्स में पैरामाउंट टेलीकेबल्स लिमिटेड और हर्ट इलेक्ट्रिकल (इंटरनेशनल) प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन दोनों के पास क्रमशः 12.77 और 11.11 फीसदी की हिस्सेदारी है।




### कंपनी के बारे में

पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड तारों और केबलों के मैन्युफैक्चरिंग में लगी है। इसमें बिजली केबल, दूरसंचार केबल, रेलवे केबल और अन्य तरह के केबल शामिल हैं। कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग फैसलिटीज खुशखेड़ा, राजस्थान और धारूहेड़ा, हरियाणा में स्थित हैं।

### टाटा से इसरो तक हैं क्लाइंट

कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक क्लाइंट में कई सरकारी कंपनी या संस्था इसके क्लाइंट हैं। इसमें इसरो, रेलवे, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, भेल, एचपी जैसी कंपनियां शामिल हैं। वहीं, टाटा और रिलायंस भी कंपनी के क्लाइंट की सूची में शामिल हैं।

### बीएसई मार्केट कैपिटल रिकॉर्ड हाई पर

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैपिटल शुक्रवार को 449.88 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक गिरकर 79,996.60 पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैपिटल शुक्रवार को 4,49,88,985.87 करोड़ रुपये (5.39 लाख करोड़ डॉलर) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# छह महीने में पैसा डबल

## अब मुकुल अग्रवाल ने खरीदें लाखों शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज निवेशक मुकुल महावीर अग्रवाल ने एक बड़ा निवेश किया है। उन्होंने एएसएम टेक्नोलॉजीज में 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदा है। कंपनी के जून तिमाही के शेयर होल्डिंग में ये बात सामने आई है। इससे पहले उनकी कंपनी में कोई भी हिस्सेदारी नहीं थी। शुक्रवार को मुकुल अग्रवाल के निवेश वाली कंपनी के शेयर एनएसई में 1.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 1200 रुपये के पार बंद हुआ। बता दें, एक साल में इस कंपनी का प्रदर्शन काफी शानदार रहा है। कंपनी की लेटेस्ट शेयर होल्डिंग के अनुसार प्रमोटर्स के पास 47.36 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, 42.46 प्रतिशत



हिस्सा पब्लिक के पास है। लेकिन पब्लिक के पास मौजूद हिस्से में म्युचुअल फंड्स और विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी जीरो है। बता दें, एएसएम टेक्नोलॉजीज एक स्मॉल कैप कंपनी है। इसका मार्केट कैप 1000 करोड़ रुपये से कम का है।

### 6 महीने में पैसा डबल

मुकुल अग्रवाल शेयर बाजार के उन चुनिंदा निवेशकों में से एक हैं, जिनके पोर्टफोलियो पर सबकी निगाह टिकी रहती है। इकनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार मुकुल अग्रवाल ने कुल 51 कंपनियों में निवेश किया है। उनकी नेट वर्थ 2658 करोड़ रुपये का है। इस बार उन्होंने जिस कंपनी पर दांव खेला है उसका प्रदर्शन बीते 6 महीने के दौरान काफी शानदार रहा है। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 156 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

### 2024 में 160 प्रतिशत का रिटर्न

**नईदिल्ली।** शेयर बाजार में रेल विकास में निगम के शेयरों में तेजी बरकरार है। शुक्रवार को लगातार तीसरा सत्र रहा जब कंपनी के शेयरों में तेजी दिखी। कल यह सरकारी रेलवे स्टॉक 18.94 प्रतिशत की तेजी के साथ अपने आल टाइम हाई 498.05 रुपये के इंट्रा-डे पर पहुंच गया। हालांकि, बाजार बंद होने के समय पर कीमतों में नरमी देखने को मिली। तब रेलवे के शेयर 17.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 491.45 रुपये के लेवल पर बंद हुए। रेल विकास निगम के पोजीशनल निवेशकों के लिए 2024 का साल अबतक शानदार साबित हुआ है।

# 1 शेयर पर 100 का डिविडेंड दे रही है कंपनी, निवेशकों को मिलेगा 1 पर 4 शेयर फ्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में कल यानी शुक्रवार को केसी इंडस्ट्रीज के शेयर एक्स-बोनस और एक्स-स्प्लिट साथ ट्रेड किए थे। इस पेनी स्टॉक के शेयरों में कल यानी 5 जुलाई को 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया था। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा था कि 100 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 10 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 10 रुपये प्रति शेयर हो गई। वहीं, कंपनी हर एक शेयर पर 4 बोनस शेयर भी देगी। बोनस शेयर और शेयरों के बंटवारे के लिए रिकॉर्ड डेट 5 जुलाई तय की गई थी। अब जिन निवेशकों को नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेगा उन्हें इसका लाभ होगा।



कंपनी ने निवेशकों को डिविडेंड का भी ऐलान किया है। 28 मई को कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया था कि हर 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए एक शेयर पर 60 रुपये का फाइनल डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी हर एक शेयर पर 40 रुपये का स्पेशल डिविडेंड भी दे रही है। यानी योग्य निवेशकों को हर एक शेयर पर 100 रुपये का फायदा होगा। बता दें, केसी इंडस्ट्रीज ने इस डिविडेंड के लिए 9 अगस्त की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है।

**शेयर बाजारों में भी कंपनी का प्रदर्शन शानदार-** शुक्रवार को 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लगने के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 1365.50 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 470 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने से स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 217 प्रतिशत का लाभ मिला है।

# आजीवन सीखना आज न केवल अनिवार्य है बल्कि एक परम आवश्यकता भी है: जयन्त चौधरी

- **स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) इस बात का एक प्रमुख उदाहरण है कि कैसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सीखने और कौशल विकास में क्रांति ला सकता है: जयंत चौधरी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने आज स्किल्स ब्रिज मास्टरक्लास सीरीज में अपने संबोधन के दौरान डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और कोलैबोरेटिव लर्निंग मॉडल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। यह फ्यूचर ऑफ वर्क के लिए आजीवन सीखने (एलएलएल) को बढ़ावा देने पर केंद्रित है और वेबिनार का विषय - एआई-पॉवेरेड स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) फॉर ए फ्यूचर रेडी वर्कफोर्स था। इसका आयोजन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), विश्व बैंक और यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। वेबिनार में 120 से अधिक प्रतिनिधियों और 3000 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें चर्चा का विषय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, वर्क बेस्ड लर्निंग मॉडल और कौशल और आजीवन सीखने के इकोसिस्टम को

वेबिनार में सिएरा लियोन सरकार के टेक्निकल एंड हायर एजुकेशन मिनिस्टर डॉ. हाजा रामातुलई वुरी, आर्मेनिया सरकार के लेबर एंड सोशल अफेयर मामलों के डिप्टी मिनिस्टर श्री रूबेन सार्गस्यान, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी, दक्षिण एशिया के लिए आईएलओ डिसेंट वर्क टीम और भारत के लिए कंट्री ऑफिस के ऑफिसर इन-चार्ज श्री रवि पीरिस, यूनेस्को के पॉलिसी एंड लाइफलॉन्ग लर्निंग सिस्टम के डायरेक्टर श्री बोरहेन चाकरून, भारत में नैसकॉम की अध्यक्ष सुश्री देबजानी घोष, विश्व बैंक की लीड एजुकेशन स्पेशलिस्ट सुश्री शबनम सिन्हा, डॉ.अश्विनी अग्रवाल, वर्कग्रुप लीडर (स्किल और लाइफलॉन्ग लर्निंग पॉलिसी, सिस्टम और डिजिटलाइजेशन), आईएलओ जिनेवा; एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी और एनएसडीसी और एनएसडीसी इंटरनेशनल की सीटीओ सुश्री श्रेष्ठ गुप्ता ने भाग

# थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं एनवीडिया ने एमओयू साईन करने की घोषणा की

**दिल्ली एनसीआर, एजेंसी।** थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईइटी) ने एनवीडिया (एनवीडिया) के साथ एक एमओयू साईन करने की घोषणा की, जिसके तहत एनवीडिया (एनवीडिया) एआई यूनिवर्सिटी प्रोग्राम के तकनीकी सहयोग से थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस (टीएसएएआई) की स्थापना की जाएगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया भर के उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है, शिक्षा के भविष्य को नया रूप दे रही है और जीवन को बदल रही है। टीआईइटी और एनवीडिया के बीच एमओयू के तहत, थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस की स्थापना टीआईइटी के पटियाला कैंपस में की जाएगी। इस इनोवेटिव इनिशिएटिव का उद्देश्य छात्रों और संकाय दोनों को एआई कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए कॉम्प्रेहेंसिव एकेडमिक प्रोग्राम, रिसर्च ओपोर्चुनिटी और इनोवेशन प्रोजेक्ट प्रदान करना है। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. पद्मकमार नायर स्कूल की स्थापना करने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। यह कार्य न केवल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटेगा बल्कि इस परिवर्तनकारी क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यह हमारे दृष्टिकोण को और भी सुदृढ करता है जो भविष्य के लिए तैयार छात्रों को शिक्षा प्रदान करने का है। एनवीडिया के एशिया साउथ के प्रबंध निदेशक विशाल धूपर ने कहा, ग्लोबल एआई एजुकेशन इनिशिएटिव में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में, थापर इंस्टीट्यूट पूरे भारत में एआई विशेषज्ञों की एक नई पीढ़ी को तैयार करने के लिए अत्याधुनिक एनवीडिया तकनीकों को एक साथ लेकर आएगा। नया एआई स्कूल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटने में मदद करेगा और उद्योग में शानदार रिसर्च और इनोवेशन का रास्ता मजबूत करेगा। टीआईइटी जेनरेटिव एआईके विकास और तैनाती के लिए एनवीडिया डीजीएक्स सिस्टम, एनवीडिया ॥100 टेंसर कोर जीपीयूह्य, एनवीडिया ,100 टेंसर कोर जीपीयू और एनवीडिया एआईएंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए

# अनंत और राधिका के संगीत में वर्ल्ड चैंपियंस का ग्रैंड वेलकम

## रोहित के साथ हार्दिक और सूर्या पर बरसे फूल



**मुंबई (एजेंसी)।** वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया के खिलाड़ियों के स्वागत का सिलसिला रूक नहीं रहा है। रोहित शर्मा की टीम का दिल्ली के बाद मुंबई में जोरदार वेलकम हुआ। अब खिलाड़ी जहां भी जा रहे हैं, वहां उनका स्वागत हो रहा है। मुंबई इंडियंस के तीन खिलाड़ी हार्दिक पंड्या, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरेमनी में पहुंचे। यहां उनका ग्रैंड वेलकम किया गया।

**खिलाड़ियों पर बरसाए गए फूल –** रोहित शर्मा अपनी पत्नी रितिका के साथ इवेंट में पहुंचे। सूर्यकुमार यादव के साथ भी उनकी थी। हार्दिक पंड्या अकेले इवेंट में पहुंचे थे। इसका फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इसके बाद खिलाड़ी भगवान के पास पहुंचे। मंत्र उच्चारण के बीच खिलाड़ियों ने भगवान की पूजा की। फिर सभी ने आरती भी की। फिर इवेंट के दौरान स्टेज पर भी भारतीय टीम के इन खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

### स्टेज पर भी हुआ स्वागत

मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में खेलने वाले इन तीनों खिलाड़ियों का स्टेज पर भी स्वागत हुआ। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने इन तीनों के एक एक कर स्टेज पर बुलाया। इस दौरान हॉल में मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर इनके लिए तालियां बजाईं। इस मौके पर मुकेश अंबानी ने कप देश में लाने के लिए इन तीनों ही खिलाड़ियों को धन्यवाद कहा। हॉल में इस समय भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी मौजूद थे।

# रोनाल्डो नहीं कर सके करिश्मा

## हार के बाद टूटकर बिखरे, पुर्तगाल यूरो कप से बाहर

**हैम्बर्ग (जर्मनी)(एजेंसी)।** फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया। इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई।

इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद थियो हर्नांडेज़ ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम 16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी।

पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। रोनाल्डो ने



रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में मेजबान जर्मनी को हराया।

**मेरिनो के गोल से स्पेन सेमीफाइनल में, मेजबान जर्मनी बाहर –** एक अन्य मैच में माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2-1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई।

मेरिनो ने गोल करने के बाद कॉर्नर फ्लैग के पास उसी तरह से जश्न मनाया जैसे उनके पिता मिगुएल मेरिनो ने 1991 में यूएफा कप में इसी स्टेडियम में खेले गए मैच में ओसासुना की तरफ से स्टुटगार्ट के खिलाफ गोल करने के बाद मनाया था। मेरिनो ने मैच के बाद कहा, 'मैं जानता था कि बहुत कम समय बचा है और यह हमारी तरफ से आखिरी हमला हो सकता है। कुछ सेकेंड तक तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। मैं बेहद खुश हूं। हमने कड़ी मेहनत की थी और हमें अपने पर भरोसा था।'

मेरिनो की विजयी गोल में मदद करने वाले डेनी ओल्मो ने दूसरे हाफ के शुरू में गोल करके स्पेन को बढ़त दिलाई थी। जब लग रहा था कि स्पेन निर्धारित समय में ही जीत



दर्ज करने में सफल रहेगा तब फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने अंतिम मिनट में गोल करके जर्मनी के प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दिया था। मैच में तीनों गोल स्थानापन खिलाड़ियों ने किये। स्पेन सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना करेगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पुर्तगाल पेनल्टी शूटआउट में हराया।

# मोहम्मद सिराज का हीरो की तरह वेलकम

## टी20 वर्ल्ड चैंपियन के स्वागत में पूरा हैदराबाद शहर सड़कों पर उमड़ आया



**हैदराबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज पांच जुलाई को अपने होमटाउन हैदराबाद पहुंचे। इस दौरान 'मोतियों के शहर' ने सिराज का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दाएं हाथ के इस स्टार तेज गेंदबाज ने पिछले महीने टी-20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अपने लोकल हीरो का हैदराबाद के लोगों ने दिल खोलकर स्वागत किया। भारत की विश्व कप विजेता टीम में शामिल होने वाले हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े एकमात्र क्रिकेटर सिराज का स्वागत करने के लिए प्रशंसक बड़ी संख्या में उमड़ पड़े।

मोहम्मद सिराज सिर्फ लीग स्टेज राउंड ही खेल पाए थे। सुपर-8 और नॉकआउट स्टेज के लिए वह प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में असफल रहे, लेकिन तीन मैच में दो फील्डिंग मेडल और एक विकेट के साथ उनका योगदान नकारा नहीं जा सकता। एक दिन पहले सोशल मीडिया पर अपने रोड शो की घोषणा करने के बाद सिराज का स्वागत आतिशबाजी, देशभक्ति गाने और लाउडस्पीकर पर मार्फा संगीत के साथ किया गया। उत्साहित प्रशंसकों ने 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को सिर आंखों पर बिठा रखा था।

इससे पहले मोहम्मद सिराज चार जुलाई की सुबह छह बजे बारबाडोस से दिल्ली पहुंचे थे। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पूरी टीम के साथ नाश्ते पर बुलाया था। उस दिन बाद में टीम मुंबई पहुंची, जहां विजय परेड उनका इंतजार कर रही थी। भारतीय क्रिकेट टीम के उल्लेखनीय कारनामे की खुशी में भारी समर्थन प्रदर्शित करते हुए लाखों लोगों की भीड़ नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम के बीच विजल जूलुस में शरीक थी।

पीएम से मुलाकात के बाद मोहम्मद सिराज ने अपने एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की और लिखा, गर्व का क्षण। आपके दयालु शब्दों और हमें हमेशा प्रेरित करने के लिए धन्यवाद सर। हम भारत का झंडा ऊंचा फहराने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे। जय हिन्द। मेहदीपट्टनम के सरोजिनी देवी अस्पताल से शुरू होकर ईदगाह मैदान पर समाप्त हुए इस रोड शो में प्रशंसक काफी उत्साहित थी।

## रिटायर होकर बोले राहुल द्रविड़-

# सोचा नहीं था आधे दर्जन कप्तानों के साथ काम करना पड़ेगा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर जीत के साथ ही द्रविड़ का मुख्य कोच का कार्यकाल भी समाप्त हो गया। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा जारी किए गए वीडियो में कहा कि मैं वास्तव में ऐसा व्यक्ति हूं जिसे निरंतरता पसंद है। मुझे बहुत अधिक काट छांट और बदलाव करना पसंद नहीं है। क्योंकि मेरा मानना ??है कि इससे बहुत अस्थिरता पैदा होती है और बहुत अच्छा माहौल नहीं बनता। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं उस टीम का हिस्सा हूं जिसकी जिम्मेदारी सही पेशेवर, सुरक्षित, संरक्षित वातावरण बनाना है जिसमें वास्तव में असफलता का डर न हो, लेकिन लोगों को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त चुनौतियां हों। यह हमेशा मेरा प्रयास रहा है।

द्रविड़ ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद जब खिलाड़ी बाहर आए तो वह मुश्किल दौर था तथा उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें आधा दर्जन



कप्तानों के साथ काम करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मेरे कोच बनने के शुरुआती दौर में हम कोविड के प्रतिबंधों से बाहर निकल रहे थे। हमें तीनों प्रारूप में कार्यभार का प्रबंध करना था। कुछ खिलाड़ी चोटिल थे और इस कारण मुझे 8-10 महीने में पांच-छह कप्तानों के साथ काम करना पड़ा। द्रविड़ ने कहा कि यह कुछ ऐसा था जिसकी मैंने कल्पना नहीं की थी या इसके बारे में मैंने सोचा भी नहीं था लेकिन यह स्वाभाविक तौर पर हो गया।

द्रविड़ के कोच रहते हुए भारत ने इंग्लैंड को पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में हराया और टीम वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची। उन्होंने कहा कि कोविड की पाबंदियां हटने के बाद सकारात्मक बात यह रही कि हमने काफी क्रिकेट खेली। पिछले ढाई वर्षों में हमने विशेषकर सीमित ओवरों की क्रिकेट में कई युवा खिलाड़ियों को मौका दिया। पिछले कुछ समय में हमने टेस्ट क्रिकेट में भी कुछ युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया।

### टी20 विश्व कप में मैंने रोहित के सहायक की ही भूमिका निभाई

राहुल द्रविड़ ने कहा कि भारतीय टीम के मुख्य कोच के अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें टीम में बहुत अधिक काट छांट और बदलाव करना पसंद नहीं था और उन्होंने हमेशा कप्तान रोहित शर्मा के सहायक की भूमिका निभाई ताकि वह अपनी रणनीति के अनुसार चल सके। द्रविड़ कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को लंबे समय से जानते हैं। जब वह अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर थे तब इन दोनों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने कहा कि मैंने वास्तव में रोहित के साथ काम करने का आनंद लिया जिसे मैं काफी समय से जानता था। मैंने उसे एक व्यक्ति और एक कप्तान के रूप में परिपक्व होते हुए देखा। मुझे उसकी टीम के प्रति प्रतिबद्धता और खिलाड़ियों का ध्यान रखने की प्रवृत्ति वास्तव में बहुत अच्छी लगी। उसने टीम में ऐसा माहौल बनाया जिसने सभी सुरक्षित महसूस करें। यह ऐसी चीज है जिसकी मुझे कमी खलेगी। द्रविड़ ने कहा कि यहां तक कि विराट के साथ भी जो कोच के रूप में मेरे शुरुआती दिनों में कप्तान थे। मुझे उन्हें जानने और समझने का मौका मिला और यह काफी रोमांचक था। द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा प्रक्रिया पर ध्यान दिया जिसका कुछ अवसरों पर गलत अर्थ भी लगा दिए गए। उन्होंने कहा कि मेरे लिए वास्तव में परिणाम महत्वपूर्ण थे। मैंने प्रक्रिया पर ध्यान दिया और लोगों को लगा कि मैं सोचता हूं कि परिणाम महत्वपूर्ण नहीं है। निश्चित तौर पर परिणाम महत्वपूर्ण था। द्रविड़ ने कहा कि मैं उस पद पर था जिसमें परिणाम महत्वपूर्ण था। लेकिन एक कोच के रूप में मुझे यह सोचना था कि वह कौन सी चीज हैं जिन्हें मैं नियंत्रित करके अनुकूल परिणाम हासिल करने में मदद कर सकता हूं। आखिर में मेरी जिम्मेदारी कप्तान को उसकी रणनीति पर सही तरह से अमल करने में मदद करनी थी।

## पीएम मोदी के सामने विराट ने माना

# आखिर मैंने अहंकार छोड़ा और खेल को सम्मान दिया

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2024 घर ला चुकी है। विंडीज में हुए विश्व कप के दौरान टीम इंडिया ने बिना मैच गंवाए यह ट्रॉफी जीती। टीम इंडिया जब बारबाडोस से वापस देश पहुंची तो दिल्ली में उनका भव्य स्वागत हुआ। इसी दिन टीम इंडिया के प्लेयर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले। पीएम मोदी ने इस दौरान सभी प्लेयरों का हालचाल जाना और विश्व कप में हुए तुजुर्ब भी साझे किए। इस दौरान पीएम मोदी की विराट के साथ हुई बातचीत भी चर्चा में रही। मोदी ने जब विराट कोहली से फाइनल मैच की पारी के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मैं इस टूर्नामेंट में वो योगदान नहीं दे पाया जो मैं देना चाहता था। एक समय मैंने ने राहुल (द्रविड़) भाई से कहा कि मैंने अभी तक खुद और टीम के साथ न्याय नहीं किया।

फाइनल में 'मैन ऑफ द मैच' रहे कोहली ने कहा कि (फाइनल में) जब हम बल्लेबाजी के लिए उतरे तो मैंने पहली चार गेंदों पर तीन चौके लगाए। फिर मैंने जाकर रोहित से कहा कि यह कैसा खेल है, एक दिन ऐसा लगता है कि एक भी रन नहीं बनेगा और फिर दूसरा दिन आता है और सब कुछ होने लगता है। फाइनल में भारत ने 34 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। कोहली ने अक्षर पटेल के साथ साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई थी।

कोहली ने कहा कि जब विकेट गिरे तो मुझे लगा कि ऐसी स्थिति में मुझे टीम के लिए अपना सब कुछ झोंक देना है। मेरा ध्यान इस पर था कि टीम के लिए इस समय क्या जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुझे टीम के लिए अपना अहंकार पीछे छोड़ना पड़ा। मैंने खेल को 'सम्मान' दिया और उस दिन खेल ने मुझे सम्मान दिलाया। मुझे पता चल गया कि जब कुछ होना होता है तो वो हो जाता है। यह मेरे साथ और टीम के साथ होना ही था।

सूर्यकुमार यादव द्वारा फाइनल में लिए गए यादगार कैच के बारे में मोदी ने जानना चाहा कि क्या खिलाड़ी इस तरह कैच लेने का अभ्यास करते हैं? मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मोदी को बताया कि सूर्यकुमार ने अभ्यास के दौरान कम से कम 150 ऐसे कैच पकड़े हैं। इस पर सूर्यकुमार यादव ने कहा कि आईपीएल से लेकर टूर्नामेंट (टी20 विश्व कप) की शुरुआत तक, मैंने इस तरह के कई कैच पकड़े हैं। लेकिन नहीं पता था कि भगवान मुझे ऐसी स्थिति में मौका देंगे। मैंने इस तरह की स्थिति के लिए अभ्यास किया।

# राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप खेलते समय ग्रांड मास्टर ज़ियाउर रहमान का निधन

**ढाका (एजेंसी)।** शतरंज के क्षेत्र से शुक्रवार शाम बहुत दुखद खबर मिली जब एशिया के अनुभवी खिलाड़ी और बांग्लादेश के शीर्ष ग्रैंडमास्टर्स में से एक, ज़ियाउर रहमान का आज बांग्लादेश नेशनल चैंपियनशिप में खेलते समय निधन हो गया। उनकी उम्र 50 साल थी।

जब ज़ियाउर अपने 12वें राउंड का खेल ग्रांड मास्टर इनामुल हुसैन के खिलाफ खेल रहे थे, तब अचानक वह कुर्सी से गिर गए। गिरने के बाद उन्हें तुरंत कार्डियक अस्पताल ले जाया गया। उनकी नाड़ी नहीं मिली और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 2022 में, उन्होंने अपने बेटे ताहसिन ताजवार ज़िया के साथ 44वें शतरंज ओलंपियाड में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व करके इतिहास रचा। वे राष्ट्रीय शतरंज टीम में शामिल होने वाले पहले पिता-पुत्र की जोड़ी थे।



यह शतरंज समुदाय के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ज़ियाउर एक बहुत ही मजबूत ग्रैंडमास्टर और अनुभवी शतरंज प्रशिक्षक थे जिन्होंने कई भारतीय खिलाड़ियों की मदद की थी।

# बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के बढ़ गए भाव, दर्शक 10 गुणा पैसा देने को तैयार

**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्र आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए टिकटों की बिक्री में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि की घोषणा कर दी है। सीए ने एक



आधिकारिक बयान में कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कड़ी प्रतिद्वंद्विता को लेकर उत्साह के कारण पिछले सीजन की तुलना में भारत में प्रशंसकों द्वारा खरीदे गए टिकटों की संख्या में रिकॉर्ड छह गुना वृद्धि हुई है। बॉक्सिंग डे टेस्ट को लेकर ज्यादा उत्सुकता है। 2018/19 की तुलना में भारतीय खरीदार टिकटों के लिए दस गुणा ज्यादा कीमत दे रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में इवेंट और ऑपरेशंस के महाप्रबंधक जोएल मॉरिसन ने कहा कि हम इतने सारे भारतीय प्रशंसकों को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने की योजना बनाते हुए देखकर रोमांचित हैं। यहां आपका स्वागत है। हम इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों को एक सुखद और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमें विश्वास है कि यह श्रृंखला आने वाले कई वर्षों तक याद रखी जाएगी।

अनुभव में एक विशेष स्पर्श जोड़ते हुए, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहली बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में भारतीय फैन ज़ोन की शुरुआत कर रहा है। इन विशेष रूप से डिजाइन किए गए क्षेत्रों का उद्देश्य भारतीय समर्थकों के लिए एक जीवंत और स्वागत योग्य माहौल बनाना है, श्रृंखला के दौरान सभी स्थानों पर प्रशंसकों के बीच समुदाय और उत्सव की भावना को बढ़ावा देना है।इसके अतिरिक्त, भारत से यात्रा करने वाले कॉर्पोरेट समूहों की ओर से विशेष रूप से बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए आतिथ्य और प्रीमियम अनुभव पैकेज की मजबूत मांग रही है।

# सूर्यकुमार अगर वो कैच छोड़ देता तो उसे बाहर बिठा देता : रोहित शर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया। शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरूण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे।



पवार ने कहा कि रोहत शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह टी 20 अंतरराष्ट्रीय में अब नहीं खेलेंगे। लेकिन जब भी हम एक टी 20 मैच देखेंगे , हम हमेशा आपको और आपकी टीम की उपलब्धियों को याद रखेंगे। फडनवीस ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम अब हमेशा के लिए क्रिकेट इतिहास में लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि रोहित ने हमें एक ही दिन में अच्छी और बुरी खबर दोनों दीं। उन्होंने टी 20 विश्व कप जीता लेकिन साथ ही टी 20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में संन्यास की घोषणा भी कर दी। उनका नाम भारतीय क्रिकेट इतिहास में हमेशा के लिए लिखा जा चुका है।

रोहित ने कहा कि फाइनल में टीम प्रयास से जीत मिली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुझे कहा कि इस तरह का आयोजन विधान भवन परिसर में कभी नहीं किया गया है। इतने लंबे इंतजार के बाद क्रिकेट विश्व कप भारत लाकर सपना सच हो गया। यह टीम प्रयास था। उन्होंने मजाक करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से टीम प्रयास था। सूर्या ने सभी को कहा कि वह भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके हाथ में आ गई। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो मैं उसे अगले मैच में बाहर बिठा देता। फाइनल में मैच का रूख बदलने वाला कैच लेने वाले सूर्यकुमार ने कहा कि मैं आप सभी से मिलकर खुश हूं। हमें कल और आज यहां विधान भवन में जो समर्थन मिला, मैं उसे कभी नहीं भुला पाऊंगा। दुबे ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं महाराष्ट्र में रह रहा हूं। हम कल मिले स्वागत से अभिभूत हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### बीकानेर में भारी बारिश, फैक्ट्री की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**बीकानेर , एजेंसी।** राजस्थान के बीकानेर शहर में शुक्रवार को मानसून की बारिश का जोरदार आलम देखने को मिला. दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव हुआ। तेज धूल भरी आंधी के बाद जमकर बारिश हुई। बारिश के चलते बीछवाल थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। थानाधिकारी नरेश निर्वाण ने बताया कि शोभासर इलाके में गोटा फैक्ट्री में यह हादसा हुआ। फिलहाल यह फैक्ट्री बंद हो गई। मृतक मजदूरों को लेकर अभी तक जानकारी सामने नहीं आई है। बीकानेर में मानसून की जोरदार बारिश से शहर की सड़क पूरी तरह से तरबतर हो गई। दूसरी तरफ राजधानी जयपुर में सड़क धस गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।बारिश से वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई जगह वाहन चालक बंद गाड़ी को खींचते देखे गए।तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया. लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश के साथ चली तेज हवा से कई जगह नुकसान हुआ। कई जगह पेड़ गिरे हैं और बिजली के पोल भी गिरने के समाचार मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### जहरीली शराब पीकर मरने वाले स्वतंत्रता सेनानी नहीं; 10 लाख के मुआवजे के विरोध में हाईकोर्ट में याचिका

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु की सरकार के द्वारा कल्लकुरिची शराब त्रासदी के सभी पीड़ितों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने के आदेश को रद्द करने के लिए मद्रास हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। मोहम्मद गौस द्वारा दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि मुआवजे की राशि अधिक है। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तारीख देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, जहरीली शराब के शिकार लोग स्वतंत्रता सेनानी या सामाजिक कार्यकर्ता नहीं थे। उन्होंने आम जनता या समाज के लिए अपनी जान गंवाई नहीं गंवाई है। नकली शराब पीकर अवैध कार्य किया और उनकी जान गई। गौस के अनुसार, नकली शराब पीना एक अवैध कार्य है। राज्य को उन लोगों पर दया नहीं करनी चाहिए, जिन्होंने नकली शराब पीकर अवैध कार्य किया और उनकी जान चली गई। उन्होंने कहा कि मुआवजा केवल दुर्घटनाओं के पीड़ितों को दिया जाना चाहिए, न कि उन लोगों को जिन्होंने अपने आनंद के लिए अवैध कार्य किया हो। उन्होंने कहा कि नकली और जहरीली शराब त्रासदी के सभी पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश अनुचित और मनमाना है। नकली शराब पीने वालों को मुआवजा देने से मना किया जाना चाहिए तथा उन्हें पीड़ित नहीं माना जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह स्पष्ट और न्यायसंगत नहीं है कि किस आधार पर राज्य सरकार आग या किसी अन्य दुर्घटना के पीड़ितों को कम मुआवजा दे रही है। और उसी समय जहरीली शराब त्रासदी के पीड़ितों को भारी राशि दे रही है।

### अभय मुद्रा को गुरु नानक से जोड़ने पर घिरे राहुल गांधी, भड़क गई संस्था एसजीपीसी

**अमृतसर, एजेंसी।** अभय मुद्रा को गुरु नानक देव से जोड़ने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी घिर गए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने कांग्रेस नेता की ओर से संसद में की गई हालिया टिप्पणियों पर शुक्रवार को कड़ा संज्ञान लिया। साथ ही, उन पर अभय मुद्रा को गुरु नानक देव की विचारधारा से जोड़ने का आरोप लगाया। एसजीपीसी ने बयान में कहा, 'राहुल गांधी ने गुरु नानक का संदर्भ देते हुए कहा कि गुरु साहब की छवि अभय मुद्रा दर्शाती है, यह पूरी तरह से गलत है। प्रस्ताव में यह स्पष्ट किया गया कि गुरु साहब ने ऐसी किसी भी मुद्रा या आसन को मान्यता नहीं दी।संसद में राहुल गांधी की ओर से गुरु नानक देव के दर्शन और छवि को लेकर की गई टिप्पणियों पर एसजीपीसी ने कड़ा ऐतराज जताया।

# कश्मीर में चुन-चुनकर मारे जाएंगे पाकिस्तान से भेजे गए आतंकवादी, सेना ने बनाया प्लान

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के सफाए के लिए सुरक्षा बल और जांच एजेंसियां कई स्तरों पर रणनीति बनाकर काम कर रही हैं। एक तरफ घुसपैठ रोकने का ठोस ब्लूप्रिंट बनाया गया है। स्थानीय युवाओं के विशेष दस्तों कोघुसपैठ रोधी टीम में तैनाती किया जा रहा। वहीं लोकल ह्युमन इंटलीजेंस को मजबूत करने के लिए सीमावर्ती इलाको में युवाओं की टीम बनाकर उन्हें सुरक्षा बलों से जोड़ा जा रहा है। आतंक से आर-पार की लड़ाई के लिए स्पेशल तकनीकी टीम भी तैयार की गई है जो ह्युमन इंटलीजेंस इनपुट का त्वरित तकनीकी विश्लेषण करके इसकी अहम जानकारी सुरक्षा बलों से साझा करेगी। आतंकियों के मूवमेंट वाले इनाकों में कई टुकडियां मिलकर अभियान चलाएंगी। इसके अलावा एसपीओ की भर्ती बढ़ाने के लिए खाका तैयार है। वहीं अत्याधुनिक हथियारों के साथ सीआरपीएफ की कई बटालियन संवेदनशील इलकों में तैनात



की जा रही है। यह बटालियन आतंकरोधी अभियान में विशेष रूप से दक्ष हैं। सेना के सहयोग के साथ हर स्तर पर एंटी टेरर यूनिट सक्रिय की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि हमारा फोकस समयबद्ध तरीके से आतंक के गढ़ का खात्मा करने के अलावा नए क्षेत्रों में आतंक का प्रसार रोकना है। जांच एजेंसियों को भी आतंकी मददगार तंत्र पर नकेल कसने में तेजी को कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि सीमा पार पाकिस्तान में बैठे आतंकी आका लगातार बड़े हमले करवाने की फिराक में हैं। सेना और सुरक्षाबलों को मिले विशेष इनपुट के मुताबिक फिलहाल कश्मीर घाटी में कुल 135 आतंकवादी एक्टिव हैं। इनमें से 110 पाकिस्तानी हैं। एक अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में कहा था कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद आखिरी चरण में है। दरअसल इसके पीछे सुरक्षा एजेंसियों की ओर से बनाया गया वह ब्लूप्रिंट है जिसमें आतंक की कमर तोड़ने का पूरा खाका है। पहला लक्ष्य घाटी में मौजूद आतंकियों का खात्मा करना है और उनके मददगारों की भी कमर तोड़नी है। आतंकी मददगारों पर आंतक की धाराओं के तहत सख्ती के अलावा उनकी संपत्तियों की जब्ती की जा रही है। सरकार और सुरक्षाबल आतंक से निपटने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।

**आतंकी सुरक्षाबलों के लिए चुनौती:** अभी भी घाटी में सौ से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सुरक्षाबलों के लिए चुनौती हैं। सुरक्षा बल इन्हें मार गिराने की रणनीति पर काम कर रहे। एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में लगातार एक क्रिटिकल संख्या बनाए रखता है। यह संख्या कम होती है तो नए आतंकी घुसपैठ करके आ जाते हैं।

## हाथरस के हादसे के बाद ओडिशा पुलिस ने लिया सबक, यात्रा के लिए एआई से मदद लेने का लिया फैसला

**पुरी, एजेंसी।** पिछले मंगलवार के यूपी के हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में करीब 122 लोगों की जान चली गई था। अब रविवार को ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की यात्रा होगी, जिसमें करीब 10 लाख से ज्यादा भक्तों के आने की उम्मीद है। ऐसे में ओडिशा पुलिस ने हाथरस हादसे से सबक लेते हुए पुरी की जगन्नाथ यात्रा में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ए आई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। इस यात्रा के दौरान ए-आई कैमरों और ड्रोन के जरिए पुलिस भीड़ का मैनेजमेंट करने का प्रयास करेगी। पुरी की भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा दुनियाभर में विख्यात है। हर बार इस समारोह में शामिल होने के लिए लाखों भक्त दुनियाभर से पुरी में आते हैं। इस बार राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भी इस यात्रा में शामिल होने के लिए पुरी आएंगी। साथ ही इस बार भक्तों के आने के पुराने सभी रिकॉर्ड टूटने के आसार है। इस बार यात्रा में करीब 10 से 13 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। एडीजी(कानून व्यवस्था) संजय कुमार ने बताया कि पुलिस पहली बार ए-आई कैमरों और ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रही है। यह यातायात और भीड़ के मैनेजमेंट की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इसके द्वारा भीड़ का पता लगाने , वाहन की गिनती करने और सही समय पर सही जानकारी प्राप्त करने की दिशा में मदद मिलेगी। रथ यात्रा के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, ओडिशा पुलिस ने सार्वजनिक घोषणा प्रणाली से लैस पांच अत्याधुनिक जग ड्रोन को इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। कुमार ने टीओआई को बताया कि हमारा लक्ष्य तीन किमी लंबी ग्रैंड रोड पर जहां रथ को खींच कर ले जाया जाएगा।

## एक साथ दो जगह से पास की 12वीं की परीक्षा? फर्जी मार्कशीट मामले में घिरे डीयूएसयू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अध्यक्ष तुषार डेढ़ा विवादों में आ गए हैं। डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया ने शुक्रवार को तुषार डेढ़ा के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए 'फर्जी' मार्कशीट का इस्तेमाल करने की शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, डेढा ने किसी भी तरह का गलत काम करने की बात से इनकार किया है और कहा है कि वह मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। शिकायत में एनएसयूआई के सदस्य ने आरोप लगाया है कि डेढ़ा के पास अलग-अलग बोर्ड - सीबीएसई और यूपी बोर्ड से 12वीं क्लास की दो मार्कशीट हैं, जो उन्होंने 2016 में इसी अवधि में नियमित छात्र के रूप में प्राप्त की थीं। शिकायत में कहा गया है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य तुषार डेढ़ा ने दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला पाने के लिए ''अवैध साधनों'' का इस्तेमाल किया और अपनी योग्यता के बारे में 'गलत तथ्य' दिए। उन्होंने डूसू अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के उद्देश्य से अपनी योग्यता के बारे में गलत बयान और हलफनामा भी दाखिल किया। गलत जानकारी देकर उन्होंने विश्वविद्यालय के साथ धोखाधड़ी की है। प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार, डेढा के पास इंटरमीडिएट कक्षा (12) के दो परीक्षा प्रमाण पत्र/मार्कशीट हैं, एक सीबीएसई से आर्ट्स स्ट्रीम में जिसका रोल नंबर 9130384 है और दूसरा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से साइंस स्ट्रीम में जिसका रोल नंबर 0322496 जिला/विद्यालय कोड 06/1328 है, दोनों में ही वह वर्ष 2016 में नियमित छात्र के रूप में पास हुए थे। इसमें आरोप लगाया गया कि यह सीबीएसई और उत्तर प्रदेश बोर्ड के परीक्षा उपनियमों का उल्लंघन है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि डीयूएसयू अध्यक्ष पद के चुनाव के नतीजों को अमान्य घोषित किया जाए और डेढा को उनके पद से बर्खास्त किया जाए क्योंकि उन्होंने अध्यक्ष पद के चुनाव लड़ने के लिए अपनी योग्यता के बारे में कथित तौर पर गलत बयान और हलफनामा दाखिल किया था। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने शिकायत और डेढा की मार्कशीट की एक कॉपी अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट की और उन पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया।

## महर्षि आश्रम ट्रस्ट की जमीन पर भूमाफिया का कब्जा; अवैध रूप से काटी कॉलोनियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** करीब 33 साल पहले महर्षि आश्रम ट्रस्ट को दी गई 20 हेक्टेयर जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। बीते चार-पांच साल से आश्रम की जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी काटने का मामला काफी सुर्खियों में है। अब इस जमीन को लेने के लिए ट्रस्ट ने शासन में अपील की। शासन के निर्देश पर इस मामले की जांच शुरू हो गई है। नोएडा विकास प्राधिकरण को पत्र भेजकर आश्रम को दी गई करीब 20 हेक्टेयर जमीन से संबंधित फाइलें मांगी हैं। शासन के पत्र के बाद प्राधिकरण ने संबंधित जमीन की फाइलों को खंगालना शुरू कर दिया है।




उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना विभाग ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर महर्षि आश्रम ट्रस्ट की करीब 20 हेक्टेयर जमीन से संबंधित फाइलें मांगी हैं। इस मामले में प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मांगी गई सूचना को शासन के पास भेज दिया जाएगा। इस जमीन का एरिया करीब 20 हेक्टेयर है। आश्रम की जमीन गेझा तिलपताबाद, भंगेल, बेगमपुर, हाजीपुर और सलरपुर के क्षेत्र में थी।

जानकारों के मुताबिक महर्षि आश्रम ट्रस्ट ने शासन में आवेदन करके मांग की है कि वर्ष 1990 में सीलिंग के दौरान उसकी करीब 20 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर लिया गया। ये जमीन उसे वापस चाहिए। आवेदन में कहा गया है कि आश्रम की जमीन गेझा तिलपताबाद, भंगेल, बेगमपुर , हाजीपुर और सलरपुर के क्षेत्र में थी। इस जमीन का एरिया करीब 20 हेक्टेयर है, जिसके दस्तावेज आश्रम के पास हैं। अब ये जमीन आश्रम वापस लेना चाहता है।

जमीन पर अवैध निर्माण है। अब उसे अपने विस्तार के लिए इस जमीन पर काम कराने हैं। इसके बाद शासन ने प्राधिकरण को पत्र भेजकर जमीन का पूरा लेखा जोखा मांगा है। बताया जाता है कि वर्ष 1990 में जिसके पास 12.5 एकड़ से ज्यादा की जमीन थी, वे सीलिंग में चली गई थी। अब प्राधिकरण ने दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

पूरे शहर की जमीन नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में आती है। ऐसे में यहां अपने खेत और घर बनाने के अलावा बिना अनुमति के व्यावसायिक रूप से फ्लैट बेचने, कॉलोनी काटा जाना पूरी तरह से अवैध है। इसी नियम का उल्लंघन महर्षि आश्रम की जमीन पर किया जा रहा है। सेक्टर-107 स्थित प्रतीक एडिफिस व ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी के पीछे एक जमीन के बड़े हिस्से में भूमाफिया कॉलोनी काट भूखंड और फ्लैट बनाकर बेच रहे हैं। यहां ट्रस्ट से कुछ भूमाफिया ने जमीन लेकर पिछले चार-पांच साल पहले निर्माण शुरू किया था।

## 12 जुलाई को नेपाल में विश्वास मत, डेढ़ साल में पांचवीं बार प्रधानमंत्री प्रचंड करेंगे सामना

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में पिछले 16 सालों में 13 बार सरकार बनी और गिरी है। जो देश की खराब राजनीतिक प्रणाली की नाजुक पहलू को दर्शाता है। देश के मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से इसी हफ्ते सत्ता दो प्रमुख गठबंधन सहयोगियों से समर्थन खो दिया था। जिसके बाद ये घोषणा की गई कि प्रधानमंत्री प्रचंड आगामी गुरुवार 12 जुलाई को संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए तैयार हैं।



जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री प्रचंड ने संसद सचिवालय को एक पत्र भेजा है, जिसमें मतदान की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री दहल ने देश की संविधान के अनुच्छेद 100(2) के तहत विश्वास मत के लिए जाने का विकल्प चुना है, जिसमें कहा गया है कि अगर प्रधानमंत्री जिस राजनीतिक दल का प्रतिनिधित्व करते हैं, वह विभाजित है या गठबंधन सरकार में कोई राजनीतिक दल अपना समर्थन वापस ले लेता है, तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के अंदर संसद में विश्वास मत के लिए प्रस्ताव पेश करना चाहिए। इससे पहले, प्रधानमंत्री प्रचंड ने घोषणा की थी कि वो सबसे बड़ी पार्टी के आठ कैबिनेट मंत्रियों के इस्तीफे के बाद पद नहीं छोड़ेंगे और इसके बजाय संसद में विश्वास मत का सामना करेंगे। उन्होंने ये घोषणा नेपाली कांग्रेस (एनसी) के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन यूएमएल) के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली के नए एनसी-यूएमएल गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद की गई।

नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीटें हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें हैं। प्रधानमंत्री प्रचंड की पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-माओवादी सेंटर (सीपीएन एमसी) के पास 32 सीटें हैं। वहीं निचले सदन में 10 सीट वाली सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट (सीपीएन-यूएस) ने कहा है कि वह प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार के पक्ष में मतदान करेगी। इसके बावजूद, प्रधानमंत्री प्रचंड को संसद के केवल 63 सदस्यों का ही समर्थन प्राप्त है। जबकि सरकार को सदन में विश्वास मत जीतने के लिए 138 वोटों की जरूरत है।

## बाइडेन की पार्टी को डोनेशन देने वालों का अल्टीमेटम, राष्ट्रपति रेस से नहीं हटे तो पार्टी को चंदा बंद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में 4 महीने से भी कम समय बचा है। उससे पहले डेमोक्रेटिक पार्टी ?की तरफ से दूसरे कार्यकाल के लिए मैदान में उतरे 81 साल के राष्ट्रपति जो बाइडेन और पार्टी की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

27 जून को पहली प्रेसीडेंशियल डिबेट में राष्ट्रपति बाइडेन के कमजोर प्रदर्शन ने पूरी पार्टी की मुसीबतें बढ़ा दी है। इस डिबेट के बाद बाइडेन की लोकप्रियता कम हुई है। इसके बावजूद राष्ट्रपति बाइडेन अड़े हुए हैं कि वे रेस में बने रहेंगे। इसी बीच, डेमोक्रेटिक पार्टी की चिंता बढ़ गई है क्योंकि पार्टी को डोनेशन देने वाले कई लोगों ने खुलकर कहा है कि या तो बाइडेन राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की जिद छोड़ दें नहीं तो वे पार्टी को चुनावी चंदा देना बंद कर देंगे। उन्हें उम्मीद नहीं है कि बाइडेन चुनाव जीत पाएंगे।

**चंदा देने वाली बड़ी कंपनियों के मालिक ने हाथ खींचे, कहा- कमला प्रत्याशी बनें:** डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चुनावी चंदा इकट्ठा करने वाली नेक्स्ट जेनरेशन पीएसी ने 834 करोड़ रुपए जुटाए हैं। उसने कहा है कि यह राशि बाइडेन की जगह लेने वाले प्रत्याशी के लिए इस्तेमाल होगी। पीएसी का कहना है कि बाइडेन को राष्ट्रपति की रेस से हट जाना चाहिए और उनकी जगह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को मौका दिया जाना चाहिए। वे बाइडेन से बेहतर प्रत्याशी साबित हो सकती हैं। नेटफ्लिक्स के सह संस्थापक रीड हेस्टिंग्स ने सार्वजनिक रूप से कहा कि बाइडेन को हटना चाहिए ताकि एक सशक्त नेता ट्रम्प को हरा सके। हेस्टिंग्स और उनकी पत्नी पैटी क्विलिन डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे बड़े डोनर में से एक हैं। परोपकारी संगठन चलाने वाले गिडोन स्टीन ने कहा कि बाइडेन के रेस से हटने तक उनका परिवार 29 करोड़ का दान को रोक रहा है। वे कहते हैं कि अधिकांश डोनर्स का मानना है कि ट्रम्प को हराने के लिए डेमोक्रेट नया चेहरा उतारे। डिज्नी कंपनी के मालिक और फिल्म निर्माता एबिगेल ई. डिज्नी ने कहा है कि बाइडेन ने देश की बहुत सेवा की है लेकिन जब तक डेमोक्रेट नया प्रत्याशी नहीं लाते हैं मैं कोई दान नहीं दूंगी। हॉलीवुड के निर्माता डेमन लिंडेलोफ ने 2024 के चुनावों के लिए 1.25 करोड़ रुपए का दान दिया है। वे बाइडेन के कई फंड रेजर कार्यक्रमों में शामिल होते रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक बाइडेन अपना नाम वापस नहीं ले लेते, वे पार्टी को कोई दान नहीं देंगे।

## पाकिस्तान में इलाज के दौरान गायब हो गया 4 दिन का लड़का! अस्पताल ने थमा दी मरी हुई लड़की

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां एक अस्पताल ने बीमार बच्चे को मृत बच्ची से बदल दिया। इस घटना से पीड़ित परिवार में भारी आक्रोश है और वे न्याय की मांग कर रहे हैं। घटना के अनुसार, एक पिता अपने बीमार बेटे को इलाज के लिए लाहौर के चिल्ड्रन हॉस्पिटल लेकर आया था, जहां उन्हें बताया गया कि बच्चे की स्थिति गंभीर है। कुछ समय बाद अस्पताल के अधिकारियों ने परिवार को सूचना दी कि बच्चा मर चुका है और उन्हें एक मृत बच्ची सौंप दी।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, माता-पिता अपने चार दिन के बीमार बच्चे को इलाज के लिए लाहौर चिल्ड्रेंस हॉस्पिटल में लेकर आए थे। दुखद बात यह है कि इलाज के दौरान डॉक्टरों ने जटिलताओं



के कारण बच्चे को मृत घोषित कर दिया और उसका शव उसके पिता इरफान को सौंप दिया। इसके बाद पिता शव को दफनाने के लिए अपने गृहनगर गुजरांवाला ले गए।

स्थिति तब चौंकाने वाली हो गई जब इरफान एक बच्ची का शव लेकर अस्पताल लौटा। इरफान ने दावा किया कि वह अस्पताल में अपने बेटे का इलाज कराने के लिए लाया था लेकिन डॉक्टरों ने उसे मरी हुई बच्ची पकड़ा दी। अस्पताल के अधिकारी इस आरोप से हैरान रह गए और उन्होंने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी। रिपोर्ट के अनुसार बाद में पता चला कि बच्चा कथित तौर पर गायब हो गया था।

नसीराबाद पुलिस थाने में दर्ज कराई गई औपचारिक शिकायत में इरफान ने घटनाक्रम का ब्यौरा देते हुए अस्पताल पर मृतक लड़की के शव को उसके बेटे से बदलने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से अस्पताल प्रबंधन और जिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है और अपने बेटे की बरामदगी की मांग की है। पंजाब स्वास्थ्य विभाग ने इस घटना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए चिल्ड्रन हॉस्पिटल के तीन वरिष्ठ डॉक्टरों की एक जांच समिति बनाई। समिति को पूरी जांच करने और सच्चाई को उजागर करने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया।

इस घटना ने पूरे देश में सनसनी फैला दी है और लोग परिवार के समर्थन में उतर आए हैं। परिवार का कहना है कि उन्हें न्याय चाहिए और वे इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह घटना पाकिस्तान में स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियों को उजागर करती है और लोगों में सुरक्षा और विश्वास की कमी को दर्शाती है।

## भारतवंशी सांसद लिसा नंदी संस्कृति सचिव नियुक्त, चुनाव में विगन से भारी बहुमत से जीतीं

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को भारतवंशी सांसद लिसा नंदी को संस्कृति, मीडिया और खेल राज्य का नया सचिव नियुक्त किया। आम चुनाव में लेबर पार्टी ने भारी बहुमत से जीत दर्ज की है। वहीं, नंदी ने उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के विगन से भारी बहुमत से विजय प्राप्त की।

44 वर्षीय राजनेता नंदी अब लुसी फ्रेजर से संस्कृति मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगी, जो ऋषि सुनक के नेतृत्व वाले कंजर्वेटिवों के लिए विनाशकारी चुनाव में अपनी सीटें हारने वाले टोरी मंत्रियों में से एक थीं। जीत के बाद नंदी ने अपने ग्रेटर मैनचेस्टर निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृति भाषण के दौरान मतदाताओं का धन्यवाद किया। इस दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके उम्मीदवार को हराने के बाद नंदी ने कहा, मैं उन लोगों से कहना चाहती हूं, जो हमारे शहर में अपनी घृणित, नस्लवादी राजनीति लेकर आए हैं, विगन का इतिहास श्रमिक वर्ग के लोगों का है, जिन्होंने 100 वर्षों तक आपको और आपकी नफरत को हमारे शहर से बार-बार बाहर निकाला है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129